www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 35.c
26.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 90.790g
चांदी 91.500 kg

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

2 संघ विरोधियों को नरेन्द्र मोदी का उत्तर

बैंक धोखाधड़ी का मामला 04

वर्ष :08 | अंक :269 | मुंबई ,शनिवार , 22 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में नक्सलियों ने छुपाए पैसे, आठ लाख रुपये की नकदी बरामद

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने जंगल में छिपाए गए नक्सलियों की आठ लाख रुपये की नकदी और विस्फोटक सामान बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंडरीपानी गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वार छिपाए गए आठ लाख रुपये की नकदी और अन्य सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों के दल को बृहस्पतिवार को गश्त के लिए भेजा गया था। उन्होंने बताया कि दल में एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जब पंडरीपानी गांव के जंगल में तलाशी अभियान चलाया तब एक पेड़ के नीचे संदिग्ध डंप की जानकारी मिली। जब सुरक्षाबलों ने वहां खुदाई की तब एक सफेद रंग की बोरी के भीतर लगभग पांच किलोग्राम का एक स्टील डिब्बा मिला, जिसमें आठ लाख रुपए, 13 ज्वलनशील जिलेटिन विस्फोटक, नक्सली बैनर, डायरी और नक्सली साहित्य बरामद किया गया।

### झांसी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव, हत्या का अंदेशा

झांसी के कोतवाली थाना क्षेत्र इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव उसके कमरे से बरामद किया गया है। पुलिस को संदेह है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले में महिला के पति और उसके एक दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक (नगर) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया बृहस्पतिवार देर रात मिली सूचना के आधार पर लक्ष्मीगेट क्षेत्र में रहने वाली संगीता अहिरवार (36) का शव उसके घर से बरामद किया गया। सिंह ने बताया कि महिला के गले व आंखों के पास चोट के निशान भी थे। सिंह ने बताया कि जिस कमरे से शव बरामद किया गया, उसी कमरे में महिला के पति रविंद्र अहिरवार तथा उसके एक दोस्त रोहित वाल्मीकि अत्यधिक नशे की हालत में पाए गए। सिंह ने बताया कि दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, देर रात माता-पिता के कमरे से झगड़े की आवाज सुनकर संगीता के बच्चे भाग कर ऊपर किराएदार के घर पहुंचे और मां को बचाने की गुहार लगाई। पुलिस ने बताया कि किरायेदार से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया, तो संगीता का शव संदिग्ध परिस्थिति में उसके बिस्तर पर पड़ा मिला।

# 'पिछले 10 साल में मजबूत हुई देश की सुरक्षा, अब आतंकवादी जहां मरते हैं, वहीं दफन होते हैं' :अमित शाह

## ▸▸जिन्हें दूर से दिखा आतंकी, उन्हें सपनों में भी नजर आएगा', संसद में अमित शाह का राहुल गांधी पर तंज

**चर्चा का जवाब**

▸▸अमित शाह ने कहा कि एक तरह से गृह मंत्रालय बहुत ही कठिन परिस्थितियों में काम करता है। संविधान ने कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों को दी है। सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा गृह मंत्रालय के अधीन आती है। यह सही फैसला है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यहाँ 21 सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। एक तरह से गृह मंत्रालय के अनेक कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया गया। सबसे पहले मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 साल में सुरक्षा और मजबूत हुई। हमने सुरक्षाबलों का आत्मविश्वास बढ़ाया। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि अब आतंकवादी जहां मरते हैं, वहीं दफन होते हैं।अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद उरी और पुलवामा में हमले हुए। हालांकि, 10 दिनों के भीतर ही भारत ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके मुंहतोड़ जवाब दिया। केवल दो देश, अमेरिका और इजरायल ही अपनी सुरक्षा और सीमाओं के लिए खड़े होते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को भी इस सूची में शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि बसे पहले तो मैं देश की आजादी के बाद, देश की आंतरिक सुरक्षा को और देश की सरहदों को सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्टेट पुलिस और सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स के हजारों जवानों को मैं मनपूर्वक श्रद्धांजलि देना चाहता हूं।



**पहले कश्मीर में होते थे बम धमाके**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पहले कश्मीर में आए दिन पड़ोसी देश से आतंकवादी घुसकर बम धमाके करते थे. एक भी त्योहार ऐसा नहीं होता था, जो चिंता के बगैर जाता था. इसके बाद भी केंद्र सरकार का रवैया लचीला होता था, बोलने में डर लगता था, चुप्पी साध जाते थे, वोटबैंक का डर था. पीएम मोदी मोदी के आने के बाद आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई. हमारे आने के बाद जब उरी और पुलवामा पर हमले हुए, तो हमने 10 ही दिन में पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके मुंहतोड़ जवाब दिया.

**'पूर्वोत्तर में कम हुई हिंसक घटनाएं'**

विपक्ष पूर्वोत्तर की स्थिति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर रही है. गृह मंत्री ने कहा, हम पूर्वोत्तर की समस्या को भी समाप्त करने के कगार पर हैं. वहां पर भी हिंसक घटनाओं में 70 फीसदी की कमी, हताहत सुरक्षाबलों में 72 फीसदी की कमी और हताहत नागरिकों की संख्या में 85 फीसदी की कमी आई है. हमारी सरकार आने के बाद हमने सभी हथियारबंद समूहों से बातचीत की. 2019 से लेकर अब तक 12 महत्वपूर्ण शांति समझौते किए.

**'आतंकवादी देखते ही हम मारते हैं गोली'**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, हम तो आतंकवादी देखते ही सीधा दो आंखों के बीच में गोली मारते हैं. हमारी सरकार न आतंकवाद को सह सकती है और न ही आतंकवादियों को. ये हिसाब मांगते हैं कि 370 हटाने का क्या परिणाम हुआ. हिसाब तो उनको दिया जाता है, नजारा तो उनको दिखाया जाता है, जिनकी नजरें साफ हों, जो काला चश्मा पहन कर, आंखें मूंद कर बैठे हैं, उनको विकास नहीं दिख सकते हैं.

# "हम कोई कूड़ादान नहीं"

## जज यशवंत वर्मा के ट्रांसफर पर इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का विरोध

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडे ने कहा कि यशवंत वर्मा पर आरोप लगाया गया है। उनके घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है, यह हमें मीडिया से पता चला है। बार किसी भी कीमत पर उन्हें यहां स्वीकार नहीं करेगा। हमने 24 मार्च को दोपहर 1 बजे एक आम सभा बुलाई है, जिसमें हम इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाकी वकीलों से बात करेंगे और हम इसका कड़ा विरोध करने जा रहे हैं।

एजेंसी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने हाल ही में नकदी खोज विवाद के सिलसिले में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के प्रस्तावित स्थानांतरण का कड़ा विरोध किया है। बार एसोसिएशन ने एक तीखा बयान जारी करते हुए कहा, ?हम कोई कचरा पात्र नहीं हैं, जो इस बात पर गहरा असंतोष दशार्ता है कि यह निर्णय अनुचित है। यह कदम न्यायिक भ्रष्टाचार से कथित रूप से जुड़ी बड़ी मात्रा में नकदी की खोज से जुड़े विवाद के बाद उठाया गया है, जिसके कारण न्यायिक फेरबदल की एक श्रृंखला शुरू हुई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडे ने कहा कि यशवंत वर्मा पर आरोप लगाया गया है। उनके घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है, यह हमें मीडिया से पता चला है। बार किसी भी कीमत पर उन्हें यहां स्वीकार नहीं करेगा। हमने 24 मार्च को दोपहर 1 बजे एक आम सभा बुलाई है, जिसमें हम इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाकी वकीलों से बात करेंगे और हम इसका कड़ा विरोध करने जा रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि अगर किसी आम कर्मचारी के घर से 15 लाख रुपए बरामद होते हैं तो उसे जेल भेज दिया जाता है। किसी जज के घर से 15 करोड़ रुपए की नकदी बरामद होती है तो उसे 'घर वापसी' करा दी जाती है। क्या इलाहाबाद हाईकोर्ट कूड़ेदान है? हाईकोर्ट बार भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम उन्हें यहां स्वागत नहीं करने देंगे। अगर वे शामिल होते हैं तो हम कोर्ट से अनिश्चित काल के लिए दूर रहेंगे और वकील कोर्ट से दूर रहेंगे... हमारी मांग है कि जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट न भेजा जाए। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा एक प्रमुख कानूनी हस्ती हैं, जिनका संवैधानिक, कॉर्पोरेट और कराधान कानून में दशकों तक शानदार करियर रहा है। 6 जनवरी, 1969 को इलाहाबाद में जन्मे न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बी.कॉम (ऑनर्स) की डिग्री हासिल की।




**▸▸दिल्ली हाईकोर्ट जज के बंगले पर मिले 15 करोड़ कैश: कॉलेजियम वापस इलाहाबाद ट्रांसफर**

# मैं इसका समर्थन नहीं करती...

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर केंद्रीय मंत्री ने उठाए सवाल

▸▸इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यौन अपराध के एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि एक लड़की का निजी अंग पकड़ना और उसकी पायजामी का नाड़ा तोड़ना, आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म) का मामला नहीं है, बल्कि ऐसा अपराध धारा 354 (बी) (किसी महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से हमला) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

एजेंसी



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को गलत करार दिया, जिसमें उसने कहा था कि केवल स्तन पकड़ना और पजामी का नाड़ा तोड़ना बलात्कार का अपराध नहीं है। आज पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह इस फैसले का समर्थन नहीं करती हैं और अदालत को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं इस फैसले का समर्थन नहीं करती हूं और अदालत को भी इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए क्योंकि इसका नागरिक समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस फैसले पर टिप्पणी करते हुए राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि यह बयान बहुत असंवेदनशील है और समाज के लिए बहुत खतरनाक है। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

# अयोध्या सनातन धर्म की आधारभूमि : सीएम योगी

## सहित्य उत्सव में बोले सीएम योगी- राम पर लिखेंगे तो लेखनी धन्य हो जाएगी

योगी ने साफ तौर पर कहा कि श्री राम मंदिर के लिए सत्ता भी गंवानी पड़ेगी तो कोई समस्या नहीं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता के लिए नहीं आए हैं। 3 पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन के लिए समर्पित रही हैं।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत तभी विकसित हो सकता है जब उसके लोग एकजुट हों। उन्होंने कहा कि अगर भारत एकजुट रहेगा तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। श्री अयोध्या धाम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अंतर्गत अयोध्या मण्डल के उद्यमियों को ऋण वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए योगी ने कहा कि जिसने 'राम' पर लिखा, वह महान हुआ। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में सूर्यवंश की परंपरा में एक अवतार के रूप में मानवीय मयार्दा और आदर्श के सर्वोत्तम स्वरूप प्रभु श्री राम हैं जिनकी पावन धरा पर आयोजित यह सम्मेलन अदभुत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं अद्भुत इसलिए कहूंगा कि इतने वर्षों तक अयोध्या मौन रही, जबकि यह सत्य है कि जिसने राम पर लिखा वह महान हुआ। उन्होंने कहा कि महर्षि नारद ने महर्षि वाल्मीकि को प्रेरणा दी कि इस धरती पर लिखने के लिए कोई महामानव है तो वह केवल राम हैं।



# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या

## नियुक्ति प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट को देना होगा ध्यान', कपिल सिब्बल का बड़ा बयान

▸▸सिब्बल ने कहा कि अब समय आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर गौर करना शुरू करे कि नियुक्ति प्रक्रिया कैसे होती है। नियुक्ति प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सावधानीपूर्वक होनी चाहिए। भ्रष्टाचार भी समाज में एक बहुत गंभीर मुद्दा है और प्रधानमंत्री ने जो कहा है उसके बावजूद भ्रष्टाचार बढ़ा है।



एजेंसी

वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि यह वर्षों से जारी है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। यह कोई पहली बार नहीं है कि देश के वरिष्ठ परिषदों और वकीलों ने इस मुद्दे को उठाया हो। यह कई सालों से चल रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि सर्वोच्च न्यायालय को न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया में आने वाले मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका में ही नहीं बल्कि समाज में भी एक मुद्दा बना हुआ है।

सिब्बल ने कहा कि अब समय आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर गौर करना शुरू करे कि नियुक्ति प्रक्रिया कैसे होती है।

# डबल इंजन वाले राज्यों में अपराधों की संख्या अधिक

## गृह मंत्री नहीं दे रहे जवाब, आप नेता संजय सिंह का दावा

▸▸राज्यसभा में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने दावा किया कि डबल इंजन की सरकारों वाले राज्यों में अन्य प्रदेशों की अपेक्षा अपराध की घटनाएं बहुत बढ़ गयी हैं इसलिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की दोगुनी जिम्मेदारी और जवाबदेही बनती है।

एजेंसी

राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण पर आप सांसद संजय सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में अन्य केंद्र शासित प्रदेशों की तुलना में 10 गुना अधिक अपराध हैं, यहाँ अपराध चरम पर है लेकिन आपने (गृह मंत्री अमित शाह) इसका कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आपकी पार्टी के लोग पूरे देश में नफरत फैलाने में लगे हुए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने इन सब मुद्दों पर कुछ नहीं कहा। विनाशकारी राजनीति से इस देश को क्या लाभ मिल रहा है? इन सब से देश के लोगों को कितना रोजगार मिला है? इससे पहले राज्यसभा में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने दावा किया कि डबल इंजन की सरकारों वाले राज्यों में अन्य प्रदेशों की अपेक्षा अपराध की घटनाएं बहुत बढ़ गयी हैं इसलिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की दोगुनी जिम्मेदारी और जवाबदेही बनती है। गृह मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में हुयी चर्चा में भाग लेते हुए संजय सिंह ने कहा कि आज देश के अधिकतर राज्यों में डबल इंजन की सरकार है।



# दिमाग काम नहीं कर रहा, बेटे को दे दें चार्ज

## राष्ट्रगान मामले में सीएम नीतीश पर राबड़ी देवी का तंज

राबड़ी देवी ने कहा कि वे (बिहार के सीएम नीतीश कुमार) मानसिक रूप से स्थिर नहीं हैं। हमारी मांग है कि अगर उनका दिमाग काम नहीं कर रहा है तो उन्हें अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए।

एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल ने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया और उन पर राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाया। विधानसभा परिसर के बाहर राजद विधायकों ने नीतीश का मजाक उड़ाने वाले पोस्टर दिखाए और उनके खिलाफ नारेबाजी की। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी नेता राबड़ी देवी ने कहा कि राष्ट्रगान का अपमान हुआ है। दुनिया देख रही है और उन्हें (नीतीश कुमार) दोनों सदनों में माफी मांगनी चाहिए। उन्हें इस्तीफा देकर अपने बेटे को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। कानूनी तौर पर इसके लिए 3 साल की सजा का प्रावधान है। इस मामले में कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन ये लोग इसे छिपा रहे हैं। राबड़ी देवी ने कहा कि वे (बिहार के सीएम नीतीश कुमार) मानसिक रूप से स्थिर नहीं हैं। हमारी मांग है कि अगर उनका दिमाग काम नहीं कर रहा है तो उन्हें अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कल राष्ट्रगान का अपमान किया और एक बिहारी होने के नाते मुझे शर्म आ रही है।



**आलमगीर** — राहुल गांधी को बताया आलमगीर

# 'यह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा', कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण पर भड़क गई बीजेपी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस पर कर्नाटक में कॉन्ट्रैक्ट जिहाद करने का आरोप लगाया। राज्य विधानसभा ने सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण की अनुमति देने वाला विधेयक पारित किया है। भाजपा ने इसे ओबीसी, एससी और एसटी के अधिकारों का उल्लंघन बताया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राज्य सरकार के फैसले को आगे बढ़ाया। उन्होंने आरोप लगाया कि वह मुस्लिम कोटे की बैसाखी का इस्तेमाल अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि इसके बिना वह कुछ नहीं कर पाएंगे। संबित पात्रा ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा में आज कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता विधेयक में संशोधन के साथ पारित किया गया है। इसका मतलब यह है कि आज से कर्नाटक में जो सरकारी ठेके हैं, उन ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ये बताते हुए दुख हो रहा है कि ये जो मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, वो ओबीसी कैटेगरी 2बी में से दिया गया है। इसका अर्थ है कि कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने ओबीसी बंधुओं के अधिकार में सेंधमारी कर मुसलमानों को दिया है। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने ये जो निर्णय लिया है, यह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। हमने सदैव देखा है कि कांग्रेस पार्टी व उसके घटक दलों की राजनीति परिवारवाद, तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर ही चलती है। इसलिए ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि कहीं न कहीं राहुल गांधी पॉलिटिकली अनफिट हैं, इसलिए वे तुष्टिकरण के माध्यम से अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। पात्रा ने उर्दू में तुकांत पंक्तियों का प्रयोग करते हुए उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब पर आधारित एक नाटक में कहा, आलमगीर राहुल-जेब जहांपनाह बनने की महत्वाकांक्षा रखते है। उन्होंने दावा किया कि ऐसे ही 1947 और उससे पहले नेहरू जी की महत्वाकांक्षा के कारण जो बात केवल एक चिंगारी के रूप में आरंभ हुई थी, वो देश के विभाजन पर समाप्त हुई। 'मुझे राष्ट्राध्यक्ष बनना है...' उसके लिए भारत के टुकड़े किए गए। आज राहुल गांधी उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए, जो आज 4 प्रतिशत पर शुरू हुआ है, कल वो 100 प्रतिशत करने की मंशा इन लोगों में है।




भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राज्य सरकार के फैसले को आगे बढ़ाया। उन्होंने आरोप लगाया कि वह मुस्लिम कोटे की बैसाखी का इस्तेमाल अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि इसके बिना वह कुछ नहीं कर पाएंगे।

# राजस्थान में इस साल 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे: मुख्यमंत्री शर्मा



राज्य सरकार ने मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश में सात करोड़ पौधे लगाए गए तथा बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा की अनुपालना में इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

एजेंसी

राजस्थान। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि इस साल राज्य में 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने भावी पीढ़ी के लिए हरा भरा और स्वस्थ राजस्थान बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। शर्मा ने विश्व वानिकी दिवस के मौके पर यहां राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश में सात करोड़ पौधे लगाए गए तथा बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा की अनुपालना में इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा, प्रकृति हमारे जीवन का आधार है।

हमारी संस्कृति में पेड़, प्रकृति एवं पहाड़ों की पूजा की जाती है तथा राजस्थान का पर्यावरण संरक्षण से पुराना नाता रहा है। उन्होंने कहा, हम वनों को बचाने और अपनी जैव-विविधता को संरक्षित करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा भरा और स्वस्थ राजस्थान बनाने का संकल्प लें।

## सम्पादकीय

# हठधर्मी का नतीजा, हटाए गए किसान

पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक वर्ष से अधिक समय तक दो प्रमुख रास्तों को रोककर धरना दे रहे किसानों को जबरन हटाकर पंजाब सरकार ने वही किया, जो उसे बहुत पहले करना चाहिए था। किसानों के इस धरने के कारण न केवल आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, बल्कि व्यापारियों को अच्छा-खासा नुकसान भी उठाना पड़ रहा था। यह ठीक है कि पंजाब सरकार की ओर से किसान संगठनों को सड़क से हटा देने से किसान नेता नाराज हैं लेकिन उचित यह होगा कि उनके और केंद्र सरकार के बीच बातचीत का सिलसिला कायम रहे। बातचीत किसी सकारात्मक नतीजे पर तभी पहुंच सकती है जब दोनों ही पक्ष बीच का कोई रास्ता तलाशने की कोशिश करेंगे।चूंकि किसान नेता सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद भी अपना हठ छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार के पास रास्ते खाली कराने के अलावा और कोई उपाय नहीं रह गया था। यह वही आम आदमी पार्टी है, जिसने एक समय कृषि कानूनों के विरोध में जबरन दिल्ली घेर कर बैठे किसानों का हर तरह से समर्थन किया था।यह अच्छा है कि उसने मजबूरी में ही सही, अपने राजधर्म को समझा। यह समय की मांग है कि किसान नेता भी यह समझें कि हठधर्मिता दिखाने से उनकी समस्याओं का समाधान होने वाला नहीं है।उन्हें यह भी समझना होगा कि यदि कोई अपनी मांगें मनवाने के लिए जानबूझकर लोगों को परेशान करने वाले तौर-तरीके अपनाता है तो वह जनता की सहानुभूति खो देता है और सरकारों के लिए उनकी मांगों पर विचार करना भी कठिन हो जाता है।किसान संगठन अपनी अन्य अनेक मांगों समेत सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी वाला कानून चाहते हैं। उनका मानना है कि सरकार के लिए ऐसा कानून बनाना संभव है, लेकिन केंद्र सरकार बार-बार कह रही है कि ऐसा कानून बनाना संभव नहीं और यदि उनके दबाव में वह बना भी दिया जाए तो उसके दुष्परिणाम किसानों को ही भुगतने होंगे।किसान नेताओं के पास ऐसे सवालों का कोई जवाब नहीं कि यदि व्यापारी एमएसपी पर खरीद से पीछे हट जाते हैं तो क्या होगा ? इस पर हैरानी नहीं कि किसान नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के बीच सातवें दौर की वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई।यह ठीक है कि पंजाब सरकार की ओर से किसान संगठनों को सड़क से हटा देने से किसान नेता नाराज हैं, लेकिन उचित यह होगा कि उनके और केंद्र सरकार के बीच बातचीत का सिलसिला कायम रहे। बातचीत किसी सकारात्मक नतीजे पर तभी पहुंच सकती है, जब दोनों ही पक्ष बीच का कोई रास्ता तलाशने की कोशिश करेंगे।जहां सरकार के लिए ऐसे उपाय करने आवश्यक हैं, जिनसे खेती की लागत कम हो और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, वहीं किसान नेताओं को भी अपनी मांगों को लेकर जिद पकड़ने से बचना होगा। केंद्र सरकार को यह जिम्मेदारी अपने सिर लेनी होगी कि वह किसान नेताओं के समक्ष वे तथ्य रखे, जिनसे यह स्पष्ट हो सके कि एमएसपी पर खरीद की गारंटी वाला कानून किस तरह की समस्याएं पैदा करेगा।

## आज का विचार







**मेष राशि** : मेष राशि के जो जातक रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, तो उन्हे कोई शुभ सूचना सुनने को मिलेगी. आप अपने भविष्य को लेकर कोई इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं. प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई काम लंबे समय से अटक रही थी, तो वह भी फाइनल होगी. आपको अपने किसी मित्र की याद सता सकती हैं.

**वृषभ राशि**: वृषभ राशि के जातको को कल कुछ नए संपर्कों से लाभ मिलेगा. आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं चलेगी. आप अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को लेकर काफी परेशान रहेंगे. परिवार में किसी वरिष्ठ सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती है.

**मिथुन राशि**: मिथुन राशि के जातकों के लिए कल दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है. मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा. आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा.

**कर्क राशि**: कर्क राशि के जो जातक राजनीति में कार्यरत है, उनके लिए कल दिन अच्छा रहेगा. आपको मेहनत अनुसार फल मिलने से खुशी होगी. आप अपने खर्चों को करने से पहले अपनी जेब पर भी पूरा ख्याल रखें.

**सिंह राशि** : सिंह राशि के जातकों के लिए कल दिन आत्मसम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है. आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है. आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी. आपको अपने पारिवारिक मामलों को घर में रहकर ही निपटना बेहतर रहेगा.

**कन्या राशि** : कन्या राशि के जातकों के कामों की सराहना होगी. अविवाहित जातकों के लिए उत्तम विवाह के प्रस्ताव आएंगे. आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी. आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा.

**तुला राशि** :तुला राशि के जातकों के लिए कल दिन चिताओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा. आपको किसी भूमि वाहन आदि से संबंधित यदि कोई वाद विवाद कानून में चल रहा है, तो आपको उसमे चुप लगाना होगा. आप शौक मौज की चीजों में अच्छा खासा धन व्यय करेंगे.

**वृश्चिक राशि** :वृश्चिक राशि के जो जातक राजनीति में कार्यरत हैं, उनकी लोकप्रियता बढ़ेगी, उन्हें कोई सम्मान की भी प्राप्ति हो सकती है. रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए आपको मेहनत अधिक करनी होगी.

**धनु राशि** : धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको कुछ गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है. आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी.

**मकर राशि** : मकर राशि के जातकों के चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा. भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी. आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर डाल सकते हैं. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी.

**कुंभ राशि** : कुंभ राशि के जातकों के बिगड़े काम बनेंगे. घर में मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी होंगी. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी. संतान के करियर को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी. आपके किसी काम में यदि बाधा आ रही थी, तो उसके दूर होने की संभावना है. आप अपने घर परिवार के कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो वह आसानी से पूरे होंगे. पिताजी से आप किसी काम को लेकर धन उधार ले सकते हैं.

**मीन राशि**: मीन राशि के जातकों के दांपत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेगी, दोनों एक दूसरे की भावनाओं को सम्मान करेंगे. आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है. नयी ऊर्जा आपके मन में विराजमान रहेगी. आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है. आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर थोड़ी टेंशन तो रहेगी, लेकिन संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# संघ विरोधियों को नरेन्द्र मोदी का उत्तर

> राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर केवल तुषार गांधी ही हमला नहीं कर रहे हैं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे इंडी गठबंधन के नेता किसी न किसी बहाने संघ पर हमलवार रहे है क्योंकि संघ निरंतर हिंदू समाज को एकरस करने के लिए कार्य कर रहा है जिससे इनकी जातिवादी- क्षेत्रवादी- भाषावादी और परिवारवादी राजनीति का भविष्य दांव पर लग गया है।

पा अपने जन्मकाल से ही अविचलित रूप से राष्ट्र सेवा करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अब अपनी शताब्दी तक पहुंच गया है। माँ भारती और हिन्दू समाज की इस अहर्निश सेवा यात्रा में संघ पर नियमित रूप से राजनैतिक हमले भी होते रहे किन्तु संघ न डरा न डिगा वरन सतत संकल्पवान होकर भारत माँ की सेवा में तत्पर रहा। संभवत: संघ का यह निष्कंप समर्पण ही उसके विरोधियों को भयग्रस्त करता है और उन्हें तर्कहीन बातें कहने को बाध्य करता है।संघ पर हमले का एक उदहारण महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी के बयान के रूप में सामने आया है। 12 मार्च 2025 को केरल के तिरुअनंतपुरम में गांधीवादी नेता पी गोपीनाथन नायर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए तुषार गांधी ने कहा, राष्ट्र की आत्मा कैंसर से पीड़ित है और संघ परिवार इसे फैला रहा है। यही नहीं उन्होंने भाजपा और संघ को केरल में प्रवेश करने वाला एक कपटी शत्रु बताया। तुषार ने संघ को जहर भी कहा। इस वक्तव्य के बाद से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के कार्यकर्ता केरल में तुषार गांधी से मांफी मांगने व उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके प्रति उत्तर में तुषार गांधी ने कहा कि वह अपनी बातों से पीछे हटने या उनके लिए माफी मांगने में विश्वास नहीं करते। वह संघ के प्रति नफरत से इस सीमा तक भरे हुए हैं कि कहते हैं कि अब हमारा एक साझा दुश्मन है और वह है संघ। भाजपा ने तुषार गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि तुषार गांधी कई वर्षा से महात्मा गांधी के नाम को आर्थिक लाभ के लिए भुनाने का प्रयास कर रहे हैं। आज महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी संघ को कैंसर बता रहे जबकि स्वयं महात्मा गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में गये थे और अपने अनुभव साझा करते हुए लिखा था कि,




कुछ वर्ष पहले जब संघ के संस्थापक जीवित थे आपके शिविर में गया था। वहां पर आपके अनुशासन, अस्पृश्यता का पूर्णरूप से अभाव और कठोर सादगीपूर्ण जीवन देखकर काफी प्रभावित हुआ। सेवा और स्वार्थ त्याग के उच्च आदर्श से प्रेरित कोई भी संगठन दिन प्रतिदिन अधिक शक्तिवान हुए बिना नही रहेगा। किन्तु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर केवल तुषार गांधी ही हमला नहीं कर रहे हैं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे इंडी गठबंधन के नेता किसी न किसी बहाने संघ पर हमलवार रहे है क्योंकि संघ निरंतर हिंदू समाज को एकरस करने के लिए कार्य कर रहा है जिससे इनकी जातिवादी– क्षेत्रवादी– भाषावादी और परिवारवादी राजनीति का भविष्य दांव पर लग गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के पूरे प्रपंच को एक बार में ही ध्वस्त कर दिया है और पूरे विश्व को संघ शक्ति का परिचय दे दिया है। अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन को दिये एक लंबे साक्षात्कार में संघ के समर्पित स्वयंसेवक नरेन्द्र मोदी ने संघ के विरोधियों का मुंह बंद करते हुए संघ के विरुद्ध जो नफरत भरा वातावरण तैयार किया जा रहा था उसे ध्वस्त करने का सार्थक प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी का यह पॉडकास्ट पूरी दुनिया में चर्चा का केंद्र बिंदु बन चुका है। इस पॉडकास्ट को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर भी साझा किया है जिसे करोड़ों लोग देख रहे हैं। पॉडकास्ट हिंदी तथा अंग्रेजी सहित कई प्रमुख भाषाओं में सुना जा सकता है।पॉडकास्ट में संघ से उनके संबंधों को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में प्रधानमंत्री जी ने अपने बचपन को स्मरण करते हुए संघ के विषय में बात की। वो कैसे शाखा में गए, उन्होंने क्या देखा, किस बात ने उनको प्रभावित किया इत्यादि। इसके बाद उन्होंने कहा कि संघ एक बहुत बड़ा संगठन है। अब संघ 100 वर्ष का है। दुनिया में इतना बड़ा कोई और , संगठन होगा मैंने नहीं सुना है। करोड़ों लोग उसके साथ जुड़े हैं। संघ को समझना इतना सरल नहीं हैं। संघ के काम को समझने का प्रयास करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संघ व्यक्ति को पर्पस आफ लाइफ देता है, जीवन में एक दिशा देता है। देश ही सबकुछ है और जनसेवा ही प्रभु सेवा है, जो हमारे ग्रंथों में कहा गया है, जो स्वामी विवेकानंद ने कहा, वही संघ कहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉडकास्ट के उस मंच से संघ के आलोचकों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि संघ के स्वयंसेवक जीवन के हर क्षेत्र में सेवा करते है और कर रहे हैं। कुछ स्वयंसेवकों ने सेवाभारती नामक संगठन खड़ा किया है। यह सेवा भारती नामक संगठनके लोग गरीब बस्तियों में जाकर सेवा करते हैं। सेवा भारती के लगभग सवा लाख सेवा प्रकल्प चल रहे हैं वह भी बिना किसी सरकारी सहायता के। उन्होंने बताया कि संघ वनवासी कल्याण आश्रम चलाता है जिसमें स्वयंसेवक जंगलों में रहकर आदिवासियों की सेवा करते हैं ।70 हजार से भी अधिक एकल विद्यालय चल रहे हैं। अमेरिका में भी कुछ लोग हैं जो 10 से 15 डॉलर तक का दान देते हैं। एक कोकाकोला नहीं पियो और उतना पैसा एकल विद्यालय को दो। कुछ स्वयंसेवकों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती संगठन बनाया। जिसमें लाखों की संख्या में बालक – बालिकाएं अध्ययनरत हैं वह भी बहुत ही कम कीमत पर पढ़ाई हो रही है।विद्या भारती के विद्यालयों में विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र से जुड़े हुनर भी सीख रहे हैं । संघ का एक सबसे बड़ा संगठन भारतीय मजदूर संघ भी एक बड़ा संगठन है जिसकी 55 हजार से अधिक यूनियन व करोड़ों सदस्य हैं। मजदूर संघ की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने वामपंथ और संघ के विचारों का अंतर भी स्पष्ट किया, उन्होंने कहा जहाँ अन्य संगठन कहते हैं, दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ वहीं भारतीय मजदूर संघ कहता है मजदूर दुनिया को एक करते हैं, ये सोच का अंतर है। संघ 100 वर्षों से सभी प्रकार के चकाचौंध से दूर रहकर एकसाधक की तरह समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मात्र कुछ उदाहरणों से ही संघ विरोधियों को बेनकाब कर दिया और अब यह पूरे विश्व में चर्चा में है। तुषार गांधी जैसे लोगों को भी शायद यह समझ में आ गया होगा कि संघ क्या है। संघ सदैव समाज सेवा में तत्पर संगठन है फिर वह चाहे किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा का समय हो जिसमें बाढ़, सूखा, भूकम्प, तूफान से लेकर अग्निकांड, रेल दुर्घटनाओं तक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बिना किसी प्रचार के सेवा में संलग्न हो जाते हैं। कोविड काल में जब पूरे भारत में लॉकडाउन था उस समय संघ भी के स्वयंसेवक आमजन को दवा और भोजन आदि उपलब्ध करा रहे थे जबकि तुषार गांधी जैसे आलोचक केवल सरकार की निंदा और अफवाहें फैलाने का ही कार्य कर रहे थे। यह संघ की सेवाओं ही प्रयास व परिणाम रहा है कि करोड़ों की संख्या में आदिवासी व गरीब हिन्दू मतांतरित होने से बच सका है तथा लाखों की संख्या में मतांतरित हिंदुओं की घर वापसी हो रही है। जो लोग हिंदू सनातन धर्म का उन्मूलन करना चाहते हैं उनके सपने को कोई ध्वस्त कर रहा है तो वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का सपना जो पूरा हुआ है उसके पीछे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके समवैचारिक तथा आनुषांगिक संगठनों की तपस्या ही है। राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ की सामाजिक समरसता के कारण ही आज एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे तथा बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे लोकप्रिय हो रहे हैं। वर्तमान समय में महाकुंभ जैसे अत्यंत विशाल समागम जो सफल हो रहे हैं उनके पीछे भी संघ के छिपे हुए लाखों स्वयंसेवकों की सेवा ही रही है।

# सुनीता विलियम्स की धरती पर सुखद वापसी

(विवेक रंजन श्रीवास्तव)

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अदभुत रिकॉर्ड बनाए हैं। उनकी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ( आईएसएस ) की यात्रा, जो मूल रूप से 10 दिनों की थी, तकनीकी जटिलताओं के कारण नौ महीने तक बढ़ गई। अंततोगत्वा 19 मार्च 2025 को, सुनीता विलियम्स और उनके साथी नासा अंतरिक्ष यात्री बैरी ₹बुच₹ विल्मोर सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए। उनकी वापसी की यह यात्रा न केवल एक मानवीय उपलब्धि थी, बल्कि अंतरिक्ष तकनीक और सहनशक्ति की एक जटिल , प्रेरक कहानी भी है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने 5 जून 2024 को बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के पहले मानवयुक्त परीक्षण उड़ान ( क्रू फ्लाइट टेस्ट ) के तहत आईएसएस के लिए उड़ान भरी थी। यह मिशन नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य बोइंग के स्टारलाइनर को नियमित मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए प्रमाणित करना था। मूल योजना के अनुसार, यह मिशन 8 से 10 दिनों का होना था, लेकिन स्टारलाइनर के साथ तकनीकी समस्याओं ने इसे एक लंबी मानवीय और तकनीक की परीक्षा में बदल दिया।

आईएसएस पर पहुंचने के बाद, स्टारलाइनर में हीलियम रिसाव और थ्रस्टर ( प्रणोदन प्रणाली ) की खराबी की समस्याएं सामने आईं। हीलियम रिसाव अंतरिक्ष यान के प्रणोदन तंत्र को प्रभावित कर सकता था, जो इसकी कक्षा को नियंत्रित करने और सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, कई थ्रस्टर्स के अप्रत्याशित रूप से बंद होने से नासा और बोइंग के वैज्ञानिकों के समक्ष एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई । इन समस्याओं के कारण स्टारलाइनर को अंतरिक्ष यात्रियों के साथ वापस लाने को जोखिम भरा माना गया तथा नासा ने फैसला किया कि



स्टारलाइनर को बिना चालक दल के धरती पर वापस लाया जाए, जो सितंबर 2024 में न्यू मैक्सिको में सफलतापूर्वक उतरा।

## स्पेसएक्स की भूमिका और क्रू ड्रैगन

स्टारलाइनर के असफल होने के बाद, सुनीता और बुच की वापसी के लिए नासा ने स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर भरोसा किया। स्पेसएक्स, जो पहले से ही नासा के लिए नियमित क्रू रोटेशन मिशन संचालित कर रहा था, इस स्थिति में एक विश्वसनीय विकल्प साबित हुआ। क्रू-9 मिशन, जो सितंबर 2024 में शुरू हुआ, में केवल दो अंतरिक्ष यात्री- नासा के निक हेग और रूस के रोस्कोस्मोस के अलेक्जेंडर गोबुनीव- शामिल थे, ताकि सुनीता और बुच के लिए वापसी की जगह बनाई जा सके। हालांकि, उनकी वापसी को फरवरी 2025 में निर्धारित किया गया था, लेकिन क्रू-10 मिशन की तैयारी में देरी के कारण यह मार्च 2025 तक टल गया।

क्रू-10 मिशन 12 मार्च 2025 को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए लॉन्च हुआ। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री- नासा की ऐनी मैकक्लेन और निकोल आयर्स, जापान के तकुया ओनिशी, और रूस के किरिल पेस्कोव- शामिल थे। यह टीम आईएसएस पर क्रू-9 की जगह लेने के लिए पहुंची। क्रू ड्रैगन ₹एंड्योरेंस₹ ने 16 मार्च को आईएसएस के हार्मनी मॉड्यूल से सफलतापूर्वक जुड़ाव किया। इसके बाद, दो दिनों के हैंडओवर पीरियड के दौरान, सुनीता और बुच ने अपनी जिम्मेदारियों को नए क्रू को सौंपा।

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की वापसी क्रू ड्रैगन ₹फ्रीडम₹ अंतरिक्ष यान के जरिए हुई, जो क्रू-9 मिशन का हिस्सा था। यह अंतरिक्ष यान 18 मार्च 2025 को आईएसएस से अलग हुआ और 19 मार्च को फ्लोरिडा के तट पर अटलांटिक महासागर में पैराशूट की सहायता से सुरक्षित रूप से उतरा। वापसी की प्रक्रिया में अनडॉकिंग के बाद क्रू ड्रैगन ने आईएसएस से अलग होने के बाद अपनी कक्षा को धीरे-धीरे कम करने के लिए कई नियंत्रित ₹बर्नर₹ किए। यह प्रक्रिया अंतरिक्ष यान को पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के लिए सही स्थिति में लाने के लिए आवश्यक होती है।

पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के दौरान अंतरिक्ष यान ने लगभग 3,000 डिग्री फारेनहाइट ( 1,650 डिग्री सेल्सियस ) के तापमान का सामना किया। इसका हीट शील्ड, जो सिरेमिक सामग्री से बना था, इस भीषण गर्मी से चालक दल की रक्षा करने में सक्षम था। आपको याद होगा कि कल्पना चावला को लेकर लौट रहा यान इसी प्रक्रिया में जलकर राख हो गया था।

पुनर्प्रवेश के बाद, क्रू ड्रैगन ने चार पैराशूट सफलता पूर्वक खोल दिए जिससे इस कैप्सूल की गति को धीमा कर नियंत्रित किया । इसके बाद यह फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में उतरा, जहां नासा और स्पेसएक्स की रिकवरी टीमों ने अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 17 घंटे लगे, जो रूस के सोयुज अंतरिक्ष यान की तुलना में अधिक समय था, जो केवल 3.5 घंटे में वापसी करता है। क्रू ड्रैगन की डिजाइन में सुरक्षा और आराम पर जोर दिया गया था, जिसके कारण यह धीमी और नियंत्रित प्रक्रिया अपनाई गई।सुनीता विलियम्स की वापसी में कई तकनीकी चुनौतियां थीं। पहली चुनौती स्टारलाइनर की असफलता थी, जिसने नासा को एक वैकल्पिक योजना अपनाने के लिए मजबूर किया। दूसरी चुनौती क्रू रोटेशन का समयबद्ध समन्वय था। क्रू-10 के नए ड्रैगन अंतरिक्ष यान की तैयारी में देरी के कारण लॉन्च को स्थगित करना पड़ा, जिसने सुनीता और बुच की वापसी को प्रभावित किया। इसके अलावा, मौसम की स्थिति और समुद्री परिस्थितियों ने स्प्लैशडाउन के लिए सही समय का चयन करना आवश्यक बना दिया।नासा और स्पेसएक्स ने इन चुनौतियों का समाधान सावधानी पूर्वक तकनीकी विशेषज्ञता के साथ किया। क्रू ड्रैगन की विश्वसनीयता, जो पहले नौ मानवयुक्त मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुका था, ने इस वापसी मिशन को संभव बनाया।सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से वापसी की यह यात्रा तकनीकी दृष्टिकोण से जितनी महत्वपूर्ण थी, उतनी ही मानवीय दृष्टि से भी प्रेरणादायक रही। लगभग 286 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने के बाद, उन्हें और बुच को अब पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढलने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

# विलुप्त के कगार पर घर के आंगन में चहकने वाली नन्ही चिड़िया



विजय गर्ग

पक्षियों के संसार में कई पक्षी प्रजातियां गायब हो चुकी हैं, और कई विलुप्ति के कगार पर हैं. पहले घर आंगन में चहक.ने वाली गौरैया अब कम ही दिखती है, और इसके विलुप्त होने का खतरा बढ़ता जा रहा है. यह नन्ही चिड़िया आज लाल सूची में शामिल हो चुकी है.हर किसी की जीवनशैली बदल गयी है. इस बदली जीवनशैली के कारण घर-आंगन में चहकने-फुदकने वाली छोटी सी प्यारी चिड़िया गौरैया इंसानों से दूर होते जा रही है. मनुष्यों की बढ़ती आबादी की वजह से आज पक्षियों का आशियाना कम होता जा रहा है. शहरीकरण की वजह से खेत और खलिहान भी कम होते जा रहे हैं. गौरैया जिसे हम ह्यमानव मित्रह्ल कहते हैं, आज उनके रहने की जगह न के बराबर है. हालांकि गांवों में अब भी बेहतर माहौल होने की वजह से इनकी संख्या अच्छी खासी है, लेकिन शहर में स्थिति चिंताजनक है. लेकिन थोड़े से प्रयास करने पर लोग अपने आस-पास भी गौरैया की चहचहाहट आसानी से सुन सकते हैं. यही वजह है कि राजधानी के कई लोग इसके संरक्षण के लिए आगे आ रहे हैं.

## गौरैया का संरक्षण के लिए उठाये जा रहे कई कदम

राजधानी में भी गौरैया की घटती संख्या को लेकर कई कदम उठाए जा रहे हैं. यहां के कई नागरिक समाज, गैर सरकारी संगठन और सरकारी संस्थाएं गौरैया के संरक्षण के लिए जागरुकता फैलाने के काम में लगी हुई हैं. इन प्रयासों का उद्देश्य इस पक्षी की घटती संख्या को रोकना और उन्हें अपने प्राकृतिक आवास में पुनः स्थापित करना है.

# ये रेशमी जुल्फें...महिला सहकर्मी को देखकर ये गाना सेक्सुअल हैरेसमेंट नहीं : बॉम्बे हाई कोर्ट

☞ मुख्य आरोपों में से एक यह था कि कर्मचारी ने एक मीटिंग के दौरान एक महिला सहकर्मी के लंबे बालों का मजाक उड़ाया, पूछा कि क्या उसे बांधने के लिए जेसीबी की जरूरत है और ये रेशमी जुल्फें की एक लाइन गाई। अदालत ने पाया कि शिकायतकर्ता ने शुरू में इसे यौन उत्पीड़न नहीं माना था।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , बॉम्बे हाई कोर्ट ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामले में एक पुरुष बैंक कर्मचारी के खिलाफ आंतरिक शिकायत समिति की रिपोर्ट और पुणे औद्योगिक न्यायालय के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें निष्कर्ष अस्पष्ट और निराधार बताया गया। न्यायमूर्ति संदीप मार्ने ने कर्मचारी के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसने अधिवक्ता सना रईस खान के माध्यम से कउउ की 30 सितंबर, 2022 की रिपोर्ट को चुनौती दी थी। समिति ने उसे कार्यस्थल पर कदाचार का दोषी पाया था, जिसे जुलाई 2024 में औद्योगिक न्यायालय ने बरकरार रखा था। मुख्य आरोपों में से एक यह था कि कर्मचारी ने एक मीटिंग के दौरान एक महिला सहकर्मी के लंबे बालों का मजाक उड़ाया, पूछा कि क्या उसे बांधने के लिए जेसीबी की जरूरत है और ये रेशमी जुल्फें की एक लाइन गाई। अदालत ने पाया कि शिकायतकर्ता ने शुरू में इसे यौन उत्पीड़न नहीं माना था। कउउ ने एक दूसरी घटना का भी हवाला दिया, जिसमें कर्मचारी ने कथित तौर पर महिलाओं की मौजूदगी में एक पुरुष सहकर्मी के निजी अंग के बारे में टिप्पणी की थी। उन्होंने तर्क दिया कि यह एक मजाक था, और अदालत ने कहा कि पुरुष सहकर्मी ने बुरा नहीं माना। तीसरा आरोप शिकायतकर्ता के रिपोटिंग मैनेजर से जुड़ा था, याचिकाकर्ता से नहीं, और अदालत ने इसे नजरअंदाज कर दिया।

# नयी लाशें बिछाने के लिए गड़े मुर्दे उखाड़ दिए, वह भी औरंगजेब के नाम पर : संजय राउत

नागपुर की एक अदालत ने मामले में 17 आरोपियों को 22 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान और पांच अन्य पर देशद्रोह और सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , राज्यसभा में शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) सदस्य संजय राउत ने औरंगजेब की कब्र का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मणिपुर के बाद अब महाराष्ट्र जल रहा है और नागपुर में दंगे हो रहे हैं। शिवसेना सदस्य ने गृह मंत्रालय पर पिछले कुछ सालों में देश को पुलिस राज्य में बदलने का आरोप लगाया। गृह मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में हुयी चर्चा में भाग लेते हुए राउत ने सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रही ताकतें बार-बार औरंगजेब का नाम ले रही हैं ।उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों में से कुछ महाराष्ट्र सरकार में मंत्री हैं और कुछ केंद्र सरकार में वरिष्ठ पदों पर बैठे हैं। राउत ने मुगल बादशाह की कब्र का जिक्र करते हुए आरोप लगाया, नयी लाशें बिछाने के लिए गड़े मुर्दे उखाड़ दिए और वह भी औरंगजेब के नाम पर। आपको औरंगजेब की कब्र तोड़नी है तो आपको किसने रोका है ।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि अब तक मणिपुर जल रहा था, लेकिन अब महाराष्ट्र भी जल रहा है। राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र में हुए दंगों का जिक्र किया ।उन्होंने कहा पिछले 300 वर्षों में नागपुर में कोई दंगा नहीं हुआ। यह नागपुर का रिकॉर्ड रहा है ।उन्होंने कहा अगर औरंगजेब का नाम लेकर बार-बार देश को अस्थिर करने की कोशिश करने वाली शक्तियां, उनमें से कुछ महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और केंद्र सरकार में वरिष्ठ पदों पर हैं...अगर हम उन्हें नहीं रोकेंगे, तो यह देश एकजुट और एकीकृत नहीं रहेगा ।उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना गृह मंत्रालय का काम है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश को ह्यपुलिस राज्यह्ल में बदल दिया गया है और गृह मंत्रालय राजनीतिक विरोधियों को कमजोर कर रहा है और राजनीतिक दलों को तोड़ रहा है ।छत्रपति संभाजीनगर जिले में औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान पवित्र आयत लिखी चादर जलाने की अफवाहों के बाद सोमवार शाम नागपुर के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की घटनाएं हुईं ।सोमवार को नागपुर में हुई हिंसा के दौरान पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रैंक के तीन अधिकारियों सहित 33 पुलिस कर्मी घायल हो गए। नागपुर की एक अदालत ने मामले में 17 आरोपियों को 22 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान और पांच अन्य पर देशद्रोह और सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

फास्ट ट्रैक

## पश्चिम रेलवे के चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच रविवार, 23 मार्च, 2025 को जम्बो ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु रविवार, 23 मार्च, 2025 को 10:35 बजे से 15:35 बजे तक चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल (लोकल) स्टेशन के बीच अप और डाउन फास्ट लाइनों पर पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान फास्ट लाइन की सभी ट्रेनों को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल (लोकल) स्टेशन के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जाएगा ।इसके कारण, ब्लॉक अवधि के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी और चर्चगेट की कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर स्टेशन से शॉर्ट टर्मिनेट/रिवर्स किया जाएगा। इस ब्लॉक के बारे में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त व्यवस्था को ध्यान में रखें।

## मध्य रेल द्वारा मुंबई-नांदेड़ के बीच ग्रीष्मकालीन 24 अतिरिक्त विशेष ट्रेन सेवा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल द्वारा अब तक कुल 356 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणामध्य रेल अपनी नियमित ट्रेनों के अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाएं भी चला रहा है ।मध्य रेल ने पहले ही 332 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा कर दी है ।मध्य रेल गर्मियों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई और हजूर साहिब नांदेड़ के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 24 अतिरिक्त सेवाएं चलाएगा।

मध्य रेल द्वारा उपरोक्त सेवाओं के साथ चलाई जाने वाली ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की कुल संख्या अब 356 है।

विवरण इस प्रकार है:

एलटीटी हजूर साहिब नांदेड़ झ्र एलटीटी साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)

ट्रेन संख्या 01105 साप्ताहिक विशेष दिनांक 09.04.2025 से 25.06.2025 तक प्रत्येक बुधवार को 00.55 बजे एलटीटी से रवाना होगी और उसी दिन 19.00 बजे नांदेड़ पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 01106 साप्ताहिक विशेष दिनांक 09.04.2025 से 25.06.2025 तक प्रत्येक बुधवार को 20.00 बजे नांदेड़ से रवाना होगी और अगले दिन 14.45 बजे एलटीटी पहुंचेगी ।संरचनाः एक प्रथम वातानुकूलित, एक वातानुकूलित 2-टियर, 5 वातानुकूलित -3-टियर, 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन 1 जेनरेटर वैन और 1 पेंट्री (लॉक की स्थिति में) ।ठहरावः ठाणे, कल्याण, लोनावला, पुणे, दौंड, कुरडुवाड़ी, लातूर, लातूर रोड, परली, गंगाखेर, परभणी और पूर्णाआरक्षणः विशेष ट्रेन संख्या 01105 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग दिनांक 25.03.2025 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर शुरू होगी ।अनारक्षित कोचों के लिए टिकट सुपरफास्ट मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए लागू सामान्य शुल्क के साथ यूटीएस के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं ।विस्तृत समय और ठहराव के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# भुसावल मंडल ने माल एवं कैटरिंग राजस्व लक्ष्य समयपूर्व हासिल किया वाणिज्य विभाग की शानदार उपलब्धि

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भुसावल मंडल ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित माल एवं कैटरिंग राजस्व लक्ष्यों को समयपूर्व प्राप्त कर लिया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं गतिशील नेतृत्व में संभव हुई है। इस सफलता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अथक प्रयासों, सुव्यवस्थित रणनीति एवं प्रभावी प्रबंधन की अहम भूमिका रही है।

### मालभाड़ा राजस्व लक्ष्य प्राप्ति

भुसावल मंडल को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मालभाड़ा राजस्व लक्ष्य ?594.81 करोड़ निर्धारित किया गया था। मंडल ने इस लक्ष्य को समयपूर्व प्राप्त करते हुए 19 मार्च 2025 तक ?613.24 करोड़ का मालभाड़ा राजस्व अर्जित किया, जो निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। यह उपलब्धि दशार्ती है कि मंडल ने माल परिवहन सेवाओं को कुशलता से प्रबंधित किया तथा उद्योगों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान की।

मालभाड़ा राजस्व में हुई इस वृद्धि का मुख्य कारण ऑटोमोबाईल (एनएमजी), सिमेंट, प्याज,पेट्रोलियम उत्पाद, लौह अयस्क , अनाज (मक्का, गेहूं, चावल आदि), अन्य वस्तुएं (आरएमसी, कंटेनर, कोयला, उर्वरक, कपास, चीनी, सोया बीज आदि) वस्तुओं की निर्बाध एवं कुशल ढुलाई की है। वाणिज्य विभाग द्वारा व्यापारियों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप माल परिवहन सेवाओं को सुचारू बनाया गया, जिससे मालभाड़ा राजस्व में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

### कैटरिंग राजस्व लक्ष्य प्राप्ति

भुसावल मंडल को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कैटरिंग सेवा से होने वाली आय के लिए 10 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। भुसावल मंडल ने इस लक्ष्य को भी समयपूर्व प्राप्त करते हुए 19 मार्च 2025 तक 10.47 करोड़ की आय अर्जित की। यह दशार्ता है कि मंडल ने यात्री सुविधाओं को बढ़ाने एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सेवाएं प्रदान करने के अपने प्रयासों में सफलता प्राप्त की है ।कैटरिंग राजस्व में हुई वृद्धि का प्रमुख कारण रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता वाली खाद्य सेवाओं की उपलब्धता, यात्री संतुष्टि में वृद्धि तथा डिजिटल भुगतान विकल्पों को बढ़ावा देना रहा। कैटरिंग आय में यह उल्लेखनीय वृद्धि विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त कैटरिंग सुविधाओं की व्यवस्था के कारण हुई है। नए मॉड्यूलर कैटरिंग यूनिट्स यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। ये न केवल भीड़भाड़ को कम करेंगे बल्कि बेहतर दृश्यता, अग्नि-प्रतिरोधक सामग्री और विद्युत सुरक्षा विशेषताओं को शामिल करते हुए आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक ने वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता टीम वर्क, समर्पण और कुशल प्रबंधन का परिणाम है। इस उपलब्धि से रेलवे की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होगी तथा यात्री एवं माल परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार आएगा।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर भुसावल मंडल द्वारा एक सुंदर बगीचे के विकास के साथ श्रद्धांजलि

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, भुसावल मंडल रेलवे प्रबंधक श्रीमती इति पांडे ने भुसावल रेलवे स्टेशन पर स्थित रेल कोच रेस्टोरेंट को लेकर स्थानीय निवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए एक अहम निर्णय लिया। यह निर्णय स्थानीय निवासियों और प्रशासन के साथ समन्वय में लिया गया ताकि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास स्थित रेल कोच रेस्टोरेंट से उत्पन्न हो रही समस्याओं का समाधान किया जा सके रेल कोच रेस्टोरेंट को रेलवे अधिकारियों द्वारा जारी टेंडर के तहत इस स्थान पर स्थापित किया गया था। हालांकि, अपनी निरीक्षण के दौरान मंडल रेलवे प्रबंधक श्रीमती इति पांडे ने पाया कि रेल कोच रेस्टोरेंट की उपस्थिति छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का दृश्य अवरुद्ध कर रही थी। साथ ही, यह स्टेशन और आस-पास के बगीचे की सुंदरता को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा था और प्रतिमा के पास नॉन-वेज खाने की तैयारी करना उचित नहीं था ।स्थानीय नागरिकों में बढ़ती असंतोष के बाद, जिन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों और मीडिया के माध्यम से रेस्टोरेंट को हटाने की मांग की थी, मंडल रेलवे प्रबंधक ने त्वरित कार्रवाई की। स्थानीय प्रशासन की मदद से, मंडल रेलवे प्रबंधक श्रीमती इति पांडे ने रेल कोच रेस्टोरेंट के संचालन के टेंडर को रद्द कर दिया और कोच की नीलामी की। अब इस स्थान पर रेलवे प्रशासन द्वारा एक सुंदर बगीचे का विकास किया गया है, जो न केवल स्थान की सौंदर्यता में वृद्धि कर रहा है, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज के पुतले के दर्शन को भी और अधिक सुंदर और प्रभावी बना रहा है ।यह कदम भुसावल मंडल द्वारा शहरवासियों के सम्मान और भावनाओं का आदर करते हुए लिया गया है। मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पाण्डेय ने हमेशा शहर के विकास के लिए प्रयासरत रहते हुए यह सुनिश्चित किया है कि रेलवे के निर्णय स्थानीय नागरिकों के हित में हों और समाज के लिए सकारात्मक प्रभाव डालें। भुसावल मंडल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का सबसे बड़ा प्रयास है और यह रेलवे प्रशासन की इस बात के प्रति प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है कि स्थानीय संस्कृति, भावनाओं और सौंदर्य का सम्मान करते हुए शहर के विकास के लिए निर्णय लिए जाएं।


**मध्य रेल**
सोलापुर मंडल
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/वि/नि/2024/46R. कार्य का नाम**: सोलापुर मंडल में सभी सहायक उपकरणों के साथ विभिन्न क्षमता वाले पंपों की ऊर्जा दक्षता के प्रावधान के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा भाग का कार्य (पुनः निमंत्रण)। **कार्य की लागत**: रु. 1,60,74,494.89. **बोली प्रतिभूति**: रु. 2,30,400/-. **कार्य पुरा करने की अवधि**: 12 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता**: 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय**: दि. 15.04.2025 को 15:00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर करना है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मध्य रेल, सोलापुर,
DE/Sur-54
रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है


# आईआरसीटीसी, भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा उत्तर भारत देवभूमि यात्रा गुरु कृपा के साथ - हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर, वैष्णोदेवी, कटरा, मथुरा, वृन्दावन और आगरा की सैर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

आईआरसीटीसी भारत सरकार की एक भारत श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश पहल के अनुरूप और देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष पर्यटक ट्रेन पैकेज शुरू किया है। टूर पैकेज भारतीय रेलवे द्वारा भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन पर संचालित प्रमुख आध्यात्मिक टूर पैकेजों में से एक है। 09 रातों और 10 दिनों की धार्मिक यात्रा, जो लगभग 5000 किलोमीटर की दूरी तय करती है, पर्यटकों को जीवन में एक बार की यात्रा पर ले जाएगी, जिसमें जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थान शामिल हैं।

आईआरसीटीसी अपनी विशेष और आधुनिकतम मिश्रित एसी/नॉन एसी टूरिस्ट ट्रेन में ऐतिहासिक और धार्मिक यात्रा का लाभ उठाने के लिए आपका स्वागत करता है। खूबसूरत एलएचबी ट्रेन कोच में आधुनिक रसोई सहित कई अद्भुत विशेषताएं हैं। ट्रेन में प्रत्येक कोच के लिए सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड की उन्नत सुरक्षा विशेषताएं हैं।

बहुप्रतीक्षित ट्रेन टूर उत्तर भारत देवभूमि गुरु कृपा के साथ सोमवार 17



अप्रैल 2025 (गुरुवार) को पुणे रेलवे स्टेशन से 09 रातों/10 दिनों की यात्रा कार्यक्रम के साथ रवाना होने के लिए तैयार है।

भारतीय रेलवे ने भारत सरकार के देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलाने की पहल की है।

आईआरसीटीसी की विशेष यात्रा पेशकश गुरु कृपा के साथ उत्तर भारत देवभूमि यात्रा

हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर, वैष्णोदेवी, कटरा, मथुरा, वृन्दावन और आगरा को कवर करेगा और वापस पुणे को कवर करेगा।

गंतव्य और यात्रा कवरः

हरिद्वारः हृषिकेश, हर की पौड़ी, गंगा आरती

अमृतसरः स्वर्ण मंदिर, बाघा बॉर्डर

कटरा : माता वैष्णोदेवी दर्शन

मथुराः कृष्ण जन्मभूमि, वृंदावन

आगराः ताज महल.

इकोनॉमी स्लीपर, कम्फर्ट 3एसी और कम्फर्ट 2एसी क्लास वाली पर्यटक ट्रेन में कुल 750 पर्यटक बैठ सकेंगे।

पर्यटक इस पर्यटक ट्रेन में पुणे-लोनावाला-कर्जत-कल्याण-वसई रोड-वापी-भेस्थान (सूरत)-वडोदरा रेलवे स्टेशन पर भी चढ़/उतर सकते हैं।

आईआरसीटीसी ने सभी समावेशी पैकेजों की आकर्षक कीमत इस प्रकार रखी है

इकोनॉमी क्लास (एसएल): 18230/-

कम्फर्ट क्लास (3एसी): 33880/-

कम्फर्ट क्लास (2एसी): 41530/-

इस टूर पैकेज में एसी/नॉन एसी क्लास में आरामदायक ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल/क्वाड शेयर पर एसी/नॉन एसी बजट होटलों में रात्रि विश्राम, सभी भोजन (जहाज पर और जहाज से बाहर): सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर का भोजन, चाय/कॉफी और रात का खाना (केवल शाकाहारी भोजन), एसी/नॉन एसी वाहनों में सभी स्थानान्तरण और दर्शनीय स्थलों की सैर, यात्रा बीमा और आईआरसीटीसी टूर मैनेजरों की सेवाएँ आदि शामिल हैं।

आईआरसीटीसी टूर के दौरान पर्यटकों को सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा प्रदान करके सभी आवश्यक स्वास्थ्य सावधानियों का भी ध्यान रख रहा है।

अधिक जानकारी के लिए आप आईआरसीटीसी की वेबसाइट https://www.irctctourism.comपर जा सकते हैं और वेब पोर्टल पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए आप मोबाइल नंबर 8287931886 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पश्चिम रेलवे ने विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाए समर स्पेशल ट्रेनों के 930 फेरे

## पश्चिम रेलवे द्वारा विभिन्न गंतव्यों के लिए 29 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों के 930 फेरे चलाए जा रहे हैं

- मुंबई से देश के विभिन्न भागों के लिए 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं
- 6 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें उधना (सूरत क्षेत्र) से चल रही हैं, जबकि 14 जोड़ी ट्रेनें उधना या भेस्तान होकर चल रही हैं
- यात्रियों की सुविधा के लिए समर स्पेशल ट्रेनों में लगभग 300 जनरल सेकेंड क्लास कोच जोड़े गए हैं



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा आगामी ग्रीष्मावकाश के दौरान उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे के विविध स्टेशनों से विभिन्न गंतव्यों के लिए कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ये ट्रेनें नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त चलाई जा रही हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चालू ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रा की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से अब तक पश्चिम रेलवे ने विभिन्न गंतव्यों के लिए 29 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों को 930 फेरे चलाए जा रहे हैं। इनमें से मुख्य रूप से 16 जोड़ी ट्रेनों के 376 फेरे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और राजस्थान राज्यों के लिए, जबकि 07 जोड़ी ट्रेनों के 140 फेरे पूर्वी राज्यों जैसे बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए चलाए जा रहे हैं। इसी तरह, 02 जोड़ी ट्रेनों के 106 फेरे तेलंगाना और कर्नाटक राज्यों के लिए चलाए जा रहे हैं। उधना (सूरत क्षेत्र) के यात्रियों की सुविधा के लिए 06 जोड़ी ओरिजिनेटिंग स्पेशल ट्रेनों के 192 फेरे चलाए जा रहे हैं, जबकि 14 जोड़ी ट्रेनों के 348 फेरे उधना या भेस्तान से होकर चलाए जा रहे हैं। इसी प्रकार, गुजरात के अन्य स्टेशनों जैसे अहमदाबाद, गांधीधाम, वडोदरा, वलसाड, राजकोट, भावनगर टर्मिनस आदि से 16 जोड़ी ट्रेनें चलाई जा रही हैं। आम जनता की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे ने इन स्पेशल ट्रेनों में लगभग 300 जनरल सेकेंड क्लास कोच जोड़े गए हैं। यह प्रयास विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों को उनके गृह नगरों तक पहुँचने में लाभकारी साबित हो रहा है। श्री विनीत ने बताया कि मुंबई से देश के विभिन्न भागों के लिए 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के 148 फेरे चलाए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि ट्रेनों की प्रतीक्षा सूची की प्रतिदिन वास्तविक समय के आधार पर निगरानी की जा रही है और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए समय-समय पर मौजूदा ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं। आने वाले दिनों में और अधिक संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना बनाई जाएंगी।

## निरपुड़ा गांव में चकबंदी का विरोध

बागपत , निरपुड़ा गांव के ग्रामीणों ने चकबंदी प्रक्रिया का विरोध किया है। ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा।


**मध्य रेल**
सोलापुर मंडल
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेलवे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/वि/नि/2024/15R2. कार्य का नाम**: लातूर में एप्रोच रोड, प्लेटफॉर्म चौड़ीकरण (400 मीटर x 5.5 मीटर), सर्कुलेटिंग एरिया का विकास (250 मीटर x 10 मीटर), एचएल प्लेटफॉर्म, गो-डाउन, हमाल कक्ष, सीजीएस कार्यालय कक्ष, एसएम कक्ष, रिले रुम, आईपीएस रुम, गुड्स पीएफ के लिए शेड, पिटलाइन के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य भाग। (पुनर्निमंत्रण). **कार्य की लागत**: रु. 92,50,212.67. **बोली प्रतिभूति**: रु. 1,85,000/-. **कार्य पुरा करने की अवधि**: 18 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता**: 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय**: दि. 15.04.2025 को 15.00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर करना है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मध्य रेल, सोलापुर,
DE/Sur-52
रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है



**मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर राजधानी वंदे भारत एक्सप्रेस का २३.०३.२०२५ से आनंद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव**



| 20901 मुंबई सेंट्रल– गांधीनगर राजधानी वंदे भारत एक्स. | | स्टेशन नाम | 20902 गांधीनगर राजधानी – मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्स. | |
|---|---|---|---|---|
| मौजूदा समय | संशोधित समय | | मौजूदा समय | संशोधित समय |
| समय में कोई परिवर्तन नहीं | | मुंबई सेंट्रल | 20.25 (ए) | 20.30 (ए) |
| –<br>– | 10.38 (ए)<br>10.40 (डी) | आनंद | –<br>– | 15.30 (ए)<br>15.32 (डी) |
| समय में कोई परिवर्तन नहीं | | अहमदाबाद | 14.50 (ए)<br>15.00 (डी) | 14.45 (ए)<br>14.55 (डी) |

*यह अतिरिक्त ठहराव प्रायोगिक आधार पर प्रदान किया गया है।
*अन्य स्टेशनों पर समय में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
पश्चिमी रेलवे
*विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ



**पश्चिम मध्य रेल**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के उप मुख्य अभियंता (निर्माण) निविदा सूचना संख्या DYCEHQWCR-02 कार्यालय-CAO/C/WCR दिनांक 18.03.2025 के अंतर्गत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, अंतिम तिथि 16.04.25 को 15.00 बजे होगी। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल अंतिम तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे और प्राप्त किसी भी ऐसे मैन्युअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदा अधिसूचित तिथि और समय पर खोली जाएगी।**सूचना क्रमांकः** DYCEHQWCR-02 कार्यालय CAO/C/WCR दिनांक 18.03.2025, **कार्य का नाम तथा स्थानः** क्लाउड कॉन्फिगरेशन के साथ परियोजना प्रबंधन और सूचना प्रणाली (पीएमआईएस) सेवाएं प्रदान करना, जीआईएस मॉड्यूल के साथ समय/दूरी आधारित योजना और शेड्यूलिंग कार्यक्रम और मासिक समर्थन और सदस्यता सेवाएं जिसमें सॉफ्टवेयर लाइसेंस शुल्क, पश्चिम मध्य रेलवे निर्माण संगठन के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शामिल हैं, **कार्य की अनुमानित लागत (₹में):** ₹ 1,72,25,435.00, **निविदा की लागत (₹में)**:NIL,**बयाना राशि (₹ में):** ₹ 2,36,100.00, **पूर्ण होने की अवधि (महीनों में):** 36 माह, **ई-निविदा बंद करने और खोलने का समय और तारीखः** दिनांक **16.04.2025** को बंद होने का समय **15:00 बजे** तथा खुलने का समय **15.00 बजे** के बाद, **नोटः** निविदाकर्ताओं को IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करनी होगी। निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी परिवर्तन/सुधार को नोट करने के लिए नियमित रूप से IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखें। इस निविदा के लिए निविदा फॉर्म के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदंड लागू होंगे।

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण) मुख्यालय**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने देर से आने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को थमाया कारण बताओ नोटिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर.मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने नगर निगम में निश्चित समय पर ड्यूटी पर नहीं पहुंचने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिससे मनपा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है ।मनपा में अब देर से आने वाले और लापरवाह कर्मचारियों की खैर नहीं है इससे उन्हें समय पर ड्यूटी आने का अल्टीमेटम मिल गया है। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले मनपा की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करके उसे एक विकसित और उच्चगुणवतापूर्ण मनपा में परिवर्तित करने के इरादे से कार्य कर रहीं हैं ।उन्होंने यह निर्णय उन कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए लिया जो समय पर नहीं आते और आते भी है तो दोपहर होते ही चले जाते हैं और कुछ तो दोपहर को ही आते हैं ।उनके इस तरह से कड़ा रुख इख्तियार करने से मनपा की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा।उन्होंने इसी तरह का कड़ा रुख संपत्ति कर विभाग में राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दिया तो परिणामस्वरूप मनपा के राजस्व में बड़ी वृद्धि देखी जा रही है।




# सरकार महिलाओं को वास्तविक समानता की धारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध - वन मंत्री गणेश नाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




नवी मुंबई ,राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक ने आज यहां जोर देकर कहा कि सरकार उन महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मजबूती देने के लिए प्रतिबद्ध है जो अपने पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपने जीवन की गाड़ी खींचने में सक्षम नहीं हैं।वह महिला आर्थिक विकास निगम के 50 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने के अवसर पर आज नवी मुंबई के वाशी सिडको प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित ₹माविम गोल्डन फेस्टिवल - नव तेजस्विनी 2025₹ के उद्घाटन पर बोल रहे थे। 20 से 25 मार्च, 2025 की अवधि के दौरान ग्रामीण बचत समूहों द्वारा तैयार की गई विभिन्न वस्तुओं की जिला स्तरीय ₹स्वर्ण महोत्सव-नव तेजस्विनी 2025₹ प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक ने किया। प्रारंभ में नाईक ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया तथा स्टॉलों का अवलोकन किया तथा स्टॉलों में विक्रय के लिए रखी वस्तुओं एवं सामग्रियों की जानकारी ली। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री मेघना सकोरे-बोरदिकर, विधायक प्रशांत ठाकुर, महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव अनुप कुमार यादव, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रबंध निदेशक वर्षा लड्डा-उंटवाल, महिला आयोग की सदस्य सचिव नंदिनी अव्हाडे, आईएफएडी की राष्ट्रीय समन्वयक मीरा मिश्रा, उपायुक्त वैशाली उंटवाल, डिप्टी कलेक्टर सुचिता भिकाने व बड़ी संख्या में शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से आई बचत समूह की महिलाएं उपस्थित थीं। वन मंत्री गणेश नाइक ने स्वर्ण जयंती दिवस पर उपस्थित सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि दो महिला मंत्रियों, अदिति तटकरे और मेघना सकोरे-बोरदिकर के नेतृत्व मे स्वर्ण जयंती वर्ष को एक बड़ी गति मिलेगी।मंत्री नाईक ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने की न सिर्फ इच्छा जताई है, बल्कि उसके अनुरूप मजबूत कदम भी उठाए हैं। महिलाओं को पानी के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए जलजीवन मिशन को युद्ध स्तर पर लागू किया गया। महिलाओं के लिए रोटी, कपड़ा, मकान और सम्मान के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रुख सकारात्मक है। जब महाराष्ट्र राज्य में महिलाओं के विकास की बात आती है, तो मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार सहित सभी मंत्रियों ने सकारात्मक रुख अपनाया है। वन मंत्री गणेश नाईक ने विश्वास व्यक्त किया कि उस युग में महिलाएं अधिक सशक्त होंगी जब कहा जाता है कि जब तक महिलाएं सशक्त नहीं होंगी तब तक परिवार सशक्त नहीं होता है ।महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि हम आज माविम की स्वर्ण जयंती मना सकते हैं क्योंकि माविम के प्रत्येक तत्व ने माविम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रत्येक महिला जो वास्तव में हर किसी की कड़ी मेहनत और समर्पण का जवाब देती है, आज के उत्सव का उतना ही हिस्सा है जितना मैं इस विभाग के प्रतिनिधि के रूप में हूं। माविम को सफल बनाने के लिए कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और आज माविम में 20 लाख से अधिक महिलाएं शामिल हो चुकी हैं। माविम को न केवल राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि सीधे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। माविम सभी बचत समूहों के आंदोलन में आदर्श मॉडल है। क्योंकि माविम महिलाओं को बिना किसी पर निर्भर हुए लोन उपलब्ध कराता है। माविम के महिला बचत समूहों की ऋण वापसी दर 99.05 प्रतिशत है। अदिति तटकरे ने माविम की महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि मुझे इस पर गर्व है।

फास्ट ट्रैक

# मामू-भांजे पहाड़, येउर में अतिक्रमण का संरक्षक कौन : संजय केलकर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे, हजरत पीर मामू भांजे दरगाह ट्रस्ट के विस्तारित अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए कौन दबाव डाल रहा है, जिससे भारतीय वायु सेना स्टेशन को खतरा है और पर्यावरण और वन्य जीवन को खतरे में डालने वाले येउर में अवैध निर्माण हो रहे हैं।इस आशय का मुद्दा विधानसभा में विधायक संजय केलकर ने उठाया है।इस अनधिकृत निर्माण के साथ-साथ येउर क्षेत्र में अवैध रूप से बंगले, होटल, ढाबे, लाउंज बनाए गए हैं और पर्यावरण और वन्य जीवन के लिए खतरा पैदा हो गया है।विधायक केलकर ने यह मुद्दा विधानसभा अधिवेशन में उठाया है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि जब भी सत्र में इस पर चर्चा होती है तो कार्रवाई के निर्देश दिये जाते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। विधायक केलकर ने स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि हजरत पीर मामू भांजे दरगाह ट्रस्ट और येउर में अवैध निर्माण के खिलाफ करवाई पर कौन दबाव डाल रहा है। इस लक्ष्य का जवाब देते हुए वन मंत्री गणेश नाईक ने कहा कि केलकर द्वारा प्रस्तुत मामला सत्य है।हालाँकि मंत्री नाईक ने सदन को सूचित किया कि ट्रस्ट ने एक याचिका दायर की है और कार्यवाही पर रोक लगा दी गई है।नाईक ने बताया कि जिस दिन हाईकोर्ट फैसला सुनायेगा, उस दिन हम कार्रवाई तय करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने स्पष्ट किया कि येउर में निजी भूमि पर अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी वन विभाग की नहीं बल्कि ठाणे मनपा की है।

# ठाणे जिले की हाउसिंग सोसायटी इमारत पर लगे मोबाइल टावर को हटेंगे - मंत्री उदय सामंत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे जिले के मौजे मांडा से श्रीमान. विनायक आशीष को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की बिल्डिंग पर इंडस कंपनी ने मोबाइल टावर बनाया है। यहां के नागरिकों ने इस टावर से होने वाली परेशानी की शिकायत मनपा से की है। जिसके अनुसार इस इमारत पर लगे टावर को हटाने की कार्रवाई की जाएगी, मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आश्वासन दिया है। इस मोबाइल टावर संचालन को लेकर सदस्य नाना पटोले ने सवाल उठाया। इस सवाल की चर्चा में सदस्य भास्कर जाधव, कृष्णा खोपड़े, वरुण सरदेसाई ने भी हिस्सा लिया।इस सवाल के जवाब में मंत्री सामंत ने कहा, मोबाइल टावर लगा रही इंडस कंपनी ने मनपा द्वारा सील किये गये टावर की सील तोड़कर बिना अनुमति के प्रसारण शुरू कर दिया, जिससे रहवासियों के विरोध का खतरा मंडरा रहा है। जैसे ही यह मामला कल्याण-डोंबिवली मनपा के संज्ञान में आया, मनपा ने उक्त टावर को अनाधिकृत घोषित कर उसे बेदखल करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। अब इस टावर को हटाने की कार्रवाई की जायेगी।

# 200 रुपए के लिए पिता की हत्या का आरोप

## पुवायां में बेटे की जेब से पैसे निकाले थे, सीसीटीवी में कैद हुई मारपीट की वारदात

शाहजहांपुर, पुवायां नगर में एक बेटे ने महज 200 रुपए के लिए अपने पिता की जान ले ली। आजाद नगर मोहल्ले में हुई इस घटना में आरोपी आनंद ने अपने पिता धर्मेंद्र की पिटाई की और उन्हें नाले में फेंक दिया।पुलिस के अनुसार, धर्मेंद्र शराब के आदी थे।उन्होंने अपने बेटे आनंद की जेब से 200 रुपए निकालकर शराब पी ली। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। गुस्से में आकर आनंद ने अपने पिता की बुरी तरह पिटाई की और उन्हें गहरे नाले में फेंक दिया।इस घटना में धर्मेंद्र की मौत हो गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी आनंद को गिरफ्तार कर लिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी पर गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।शुक्रवार दोपहर एक बजे आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दिव्यांग छात्र-छात्राओं की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक सम्पन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , डोंबिवली, जिमखाना में विकलांग छात्रों के लिए जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रतियोगिताएं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में आयोजित की गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अस्तित्व संस्था की अध्यक्षा राधिका गुप्ते ने दिव्यांग विद्यार्थियों को स्कूल में अभ्यास कराकर आउटडोर खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार करने के लिए शिक्षकों की सराहना की। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम आने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए किया जाता है तथा समाज कल्याण अधिकारी उज्वला सपकाले ने सभी योग्य दिव्यांग विद्यार्थियों को राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की सहायक परामर्शदाता संगीता शिर्के, 700 छात्र, 175 प्रतिभागी कर्मचारी, 115 अभिभावक आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। रत्नाकर सोनवणे ने परिचय देते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसने जोर देकर कहा कि खेल बच्चों के लिए महत्वपूर्ण हैं और बच्चों को खुशी और तनाव के बिना अधिक उत्पादक बनाने के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण हैं।दृष्टिबाधित वर्ग की खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत 8 से 12 वर्ष के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए पासिंग द बॉल, 25 मीटर दौड़, 12 से 16 वर्ष के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 50 मीटर दौड़, शतरंज, खड़ी लंबी कूद, 16 वर्ष से ऊपर के विद्यार्थियों के लिए 100 मीटर दौड़, शतरंज, खड़ी लंबी कूद, जबकि बहु दिव्यांग श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए संतुलन बनाकर सिर पर वस्तु रखकर चलना, अधूरा चित्र पूरा करना, 50 मीटर दौड़ का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। बधिर वर्ग के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए गोला फेंक, लंबी कूद, 50 मीटर दौड़, तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मानसिक रूप से विकलांग विद्यार्थियों के लिए 50 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का संचालन रत्नाकर सोनवणे और नितिन हरड ने बखूबी किया।

# यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए रेलवे कार्ययोजना तैयार करेगा : अश्विनी वैष्णव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , मुंबई-ठाणे और इसके उपनगरों में रेल यात्रियों की यात्रा को आरामदायक और सुरक्षित बनाने, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलें और सेवा की गुणवत्ता में सुधार हो, इस उद्देश्य से कल्याण लोकसभा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और ठाणे लोकसभा सांसद नरेश म्हस्के ने आज दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की।इस दौरान उनके समक्ष विभिन्न मांगें रखीं।रेल मंत्री वैष्णव ने समस्या के समाधान के लिए सकारात्मकता दिखाते हुए कार्ययोजना बनाने का वादा किया। सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे और ठाणे लोकसभा सांसद नरेश म्हस्के ने लोकसभा में रेल मंत्रालय से संबंधित सब्सिडी वाली मांगों पर चर्चा करते हुए ठाणे, कल्याण, भिवंडी, पालघर लोकसभा क्षेत्रों में रेल यात्रियों की समस्याओं और नई ट्रेनें शुरू करने के संबंध में विभिन्न मांगें उठाई। आज उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और अपनी मांगों के बारे में विस्तार से चर्चा की। महिलाओं के लिए विशेष स्थानीय सेवाएं, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण शौचालय, सभी स्टेशनों पर स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण महिला शौचालयों का प्रावधान, प्रथम श्रेणी महिला कोचों में बैठने की क्षमता में वृद्धि। महिला कोचों में सुबह और रात के समय महिला सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं। दुर्घटना पीड़ितों को सरकारी एवं निजी अस्पतालों में तत्काल निःशुल्क इलाज मिले। ठाणे जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी लगाए जाएं। रेलवे फ्लाईओवर और अंडरपास परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए। ठाणे और मुलुंड स्टेशनों के बीच एक नए स्टेशन के निर्माण में तेजी लाई जानी चाहिए। स्टेशनों पर जो वन रुपी क्लीनिक सेंटर बंद हैं उन्हें जल्द से जल्द खोला जाए। सांसद श्रीकांत शिंदे और सांसद नरेश म्हस्के ने ठाणे, नवी मुंबई, मीरा भायंदर, कल्याण जैसी सभी जगहों पर स्वचालित सीढ़ियां उपलब्ध कराने के लिए कई मांगें कीं। जिस पर रेल मंत्री वैष्णव ने सकारात्म विचार करने का आश्वासन दिया है।



# कन्वेंशन सेंटर और दर्शक दीर्घा परियोजना में रुचि रखने वाले डेवलपर्स से अभिव्यक्तियां मांगें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे मनपा ने कासर वडवली में खारबाव और कोस्टल रोड जंक्शन क्षेत्र में लगभग 70 एकड़ भूमि पर बनने वाले कन्वेंशन सेंटर और स्पेक्टेटर गैलरी ( व्यूइंग टॉवर ) की परियोजना में रुचि रखने वाले डेवलपर्स के लिए रुचि की अभिव्यक्ति ( ईओआई ) प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। करोड़ों रुपये के इस प्रोजेक्ट के लिए वित्तीय लेनदेन का कौन सा तरीका अपनाया जाए, इसका निर्णय बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। मनपा सौरभ राव ने बताया कि चूंकि इस तरह का प्रोजेक्ट पहले नहीं किया गया है, इसलिए इसकी दिशा, योजना, प्रबंधन और रखरखाव कैसा हो, इसकी बहुत सख्ती से योजना बनाना जरूरी है। गुरुवार को आयुक्त राव ने कन्वेंशन सेंटर और दर्शक दीर्घा परियोजना के डिजाइन की समीक्षा की, जिसकी कल्पना सांसद श्रीकांत शिंदे ने की थी। वहीं, बैठक में ठाणे नगर क्षेत्र के कोलशेत-बालकूम में प्रस्तावित टाउन पार्क, कलवा में यशवंत राम साल्वी स्विमिंग पूल के नए निर्माण, खारेगांव में प्रस्तावित नए थिएटर की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में सिटी इंजीनियर प्रशांत सोनगरा, उपायुक्त शंकर पटोले, ठाणे कलेक्टरेट के नायब तहसीलदार दिनेश पैठणकर के साथ ही लोक निर्माण विभाग और शहरी विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे ।वित्तीय सलाहकारों ने परियोजना के लिए दो विकल्प सुझाए हैं। निजी-सार्वजनिक भागीदारी या डेवलपर के माध्यम से निर्माण। इसके बारे में निर्णय लेते समय नगर पालिका के अधिकतम लाभ और डेवलपर के लिए परियोजना की व्यवहार्यता दोनों को जोड़ना आवश्यक है। इसलिए, ईओआई के पीछे परियोजना में रुचि रखने वाले डेवलपर्स की भूमिका जानना महत्वपूर्ण होगा। वहीं इस बैठक में कोलशेत बालकुम इलाके में तैयार होने वाले टाउन पार्क प्रोजेक्ट को लेकर भी समीक्षा की गई।टाउन पार्क 2,600 करोड़ रुपये की परियोजना है जिसमें एक विज्ञान केंद्र, एक मछलीघर, एक मछली विरासत केंद्र और एक तारामंडल सहित व्यावसायिक उपयोग के लिए एक जगह शामिल है। आयुक्त राव ने इस परियोजना की वित्तीय व्यवहार्यता की जांच करने और राज्य सरकार से आवश्यक अनुमति लेने के बाद आगे बढ़ने का निर्देश दिया है ।लोक निर्माण विभाग ने कालवा में स्विमिंग पूल की खतरनाक इमारत को हटाने का काम शुरू कर दिया है। साथ ही नगर विकास विभाग की ओर से इस क्षेत्र का सर्वे भी पूरा कर लिया गया है। वास्तु विशारद के माध्यम से इस प्रोजेक्ट का प्लान तैयार करने का काम चल रहा है। आयुक्त राव ने सुझाव दिया कि यह योजना सोमवार को प्रस्तुत की जाये तथा आरक्षण परिवर्तन प्रस्ताव को महासभा एवं शासन की मंजूरी दिलाने की कार्यवाही शीघ्र की जाये ।कलवा में थिएटर के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत जगह ठाणे मनपा के कब्जे में है। नगर विकास विभाग ने बताया कि शेष जमीन पर कब्जे के लिए विकास योजना में आरक्षण के अनुसार जमीन पर कब्जा देने का अनुरोध अदालत से किया गया है। इस थिएटर का प्लान भी तैयार किया जा रहा है और इसे अगले हफ्ते पेश किया जाएगा।

# उल्हासनगर में 25 करोड़ के फंड घोटाले में पी.डब्ल्यू.डी. अभियंता तरुण सेवकानी निलंबित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर.मनपा में 25 करोड़ के फंड घोटाले में शामिल लोकनिर्माण विभाग के अभियंता तरुण सेवकानी को निलंबित कर दिया गया है और इस संदर्भ में उच्च स्तरीय जांच के आदेश पारित कर दिए गए हैं जिससे मनपा में हलचल मच गई है। यद्यपि तरुण सेवकानी की मई में सेवानिवृत्ति होने वाली थी लेकिन गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के चलते उन्हें निलंबित कर दिया गया है।सूत्रों से पता चला है कि मनपा के विभिन्न प्रोजेक्ट्स और टेंडरों से जुड़े फंड में हेर फेर हुआ है और भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। सूत्रों का कहना है कि इस जांच में बड़ों बड़ों के नाम सामने आ सकते हैं। तरुण सेवकानी पर इससे पूर्व भी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा रिश्वत के मामले में कार्यवाही हो चुकी है।

# पौराणिक स्थल खुइलन धाम का क्षेत्र पंचायत निधि से होगा सौंदर्यीकरण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ ( उप्र ) मान्धाता के ग्राम सभा नेवाड़ी स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध पौराणिक स्थल खुइलन धाम का सौंदर्यीकरण ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने क्षेत्र पंचायत निधि से कराने का निर्णय लिया है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद के इस पहल की क्षेत्र में चर्चा है। उन्होंने बताया कि खुइलन धाम प्रसिद्ध पौराणिक स्थल और करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र है जहां पर प्रत्येक मंगलवार को भारी संख्या में श्रद्धालु राज्य के अलग-अलग जिलों से आते हैं। गंगा दशहरा के अवसर पर खुइलन धाम पर विशाल और भव्य मेला लगता है जो पूरे राज्य में प्रसिद्ध है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यहां पर सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया है जिसमें मुख्य प्रवेशद्वार से मंदिर तक दोनों तरफ जाली लगाकर प्लांटेशन होगा। आकर्षक और सुंदर लाईट जैसे तमाम कार्य कराएं जायेंगे। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद के इस पहल की सराहना करते हुए ग्राम सभा नेवाड़ी और लोकापुर निवासी और खुइलन धाम के स्वयं सेवकों आर पी यादव, पंकज ( आशीष ) यादव, गुललुर यादव सहित तमाम ने कहा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद का यह सराहनीय निर्णय है। इस सराहनीय कार्य के लिए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद का अभिनंदन करते हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद आज खुइलन धाम पहुंचकर सौंदर्यीकरण की रुपरेखा पर चर्चा की। इस दौरान डी सी मनरेगा अश्वनी कुमार सोनकर, एडीओ पंचायत काशी नाथ वर्मा, जे ई आर एस वर्मा, ग्राम सभा नेवाडी के प्रधान अनिल कुमार यादव और सेक्रेटरी ओमप्रकाश सरोज सहित समाजसेवी उपस्थित थे।



# किसानों की गिरफ्तारी पर भाकियू का विरोध

## पदाधिकारियों ने की बैठक, गिरफ्तार किसानों की रिहाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक की।जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव के नेतृत्व में हुई इस बैठक में पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर किसानों की गिरफ्तारी का विरोध किया गया। भाकियू नेताओं ने कहा कि बॉर्डर पर किसान शांतिपूर्वक अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे थे। सरकार ने उन्हें जबरन हटाकर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने सभी गिरफ्तार किसानों की तत्काल रिहाई की मांग की है। बैठक में स्थानीय मुद्दों को भी उठाया गया। आवारा पशुओं की समस्या अभी भी बनी हुई है। बजाज चीनी मिल मकसूदपुर से किसानों का बकाया भुगतान कराने की मांग की गई। बजाज एनर्जी पावर प्लांट की चिमनी से निकलने वाली राख को लेकर भी चिंता जताई गई। पदाधिकारियों ने बताया कि पावर प्लांट की राख को खुले में सड़कों पर डाला जा रहा है। इससे बीमारियां फैल रही हैं। राख को ट्रकों में भरकर तिरपाल से नहीं ढका जाता।

पावर प्लांट ने राख के निस्तारण के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की है। उन्होंने चिमनी पर लगे प्रदूषण नियंत्रण सिस्टम की कोल लैब से जांच कराने की मांग की है।

# साई पार्टी ने उल्हासनगर के रीजेंसी हॉल में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया

## उल्हासनगर में सभी धर्मों के लोग भाईचारे की भावना के साथ मिलजुल रहते हैं - जीवन इदनानी

**सैंकड़ों मुस्लिम भाइयों के साथ अन्य धर्मों के लोग भी शामिल हुए इफ्तार पार्टी में।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. शुक्रवार की शाम को शहर की सेक्युलर एलायंस ऑफ इंडिया ( साईं पार्टी ) ने मुस्लिम भाइयों के लिए रोजा इफ़्तार पार्टी का भव्य आयोजन किया।रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन साईं पार्टी के संस्थापक जीवन इदनानी और पार्टी अध्यक्षा आशा जीवन इदनानी की तरफ से शुक्रवार को स्थानीय कैंप क्रमांक 3 स्थित रिजेंसी हॉल में किया गया। इस रोजा इफ़्तार पार्टी में शामिल होकर शहर के सैंकड़ों मुस्लिम भाइयों ने अपना रोजा खोला और मुल्क की तरक्की, अमन शांति और भाईचारे बने रहने की दुआ मांगी। साईं पार्टी के संस्थापक जीवन इदनानी ने स्थानीय मुस्लिम भाइयों के साथ देश दुनिया के सभी मुसलमान भाइयों को रमजान के पवित्र महीने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे कहा कि हमारे शहर में सभी धर्मों के लोग आपस में एकता और प्रेमभाव से मिलजुल कर रहते हैं। हमारा लक्ष्य रहना चाहिए कि हमारे शहर में सभी धर्मों के लोग साथ मिलकर रहे और शहर के विकास में अपना योगदान आगे बढ़कर दें। अल्पसंख्यक समाज के प्रतिष्ठित व्यावसायी हाजी रिजवान खान ने सभी मुस्लिम भाइयों से कहा कि हमारा मजहब पड़ोसियों से मुहब्बत करना सिखाता है और हमें इस पर अमल करते हुए अपने सभी पड़ोसियों से चाहे वो किसी भी धर्म जाति के हों मिलजुल कर रहना चाहिए। देश की तरक्की में ही हम सबकी तरक्की छुपी हुई है ।आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना के साथ रहना ही इस्लाम की सबसे बड़ी सीख है। हाजी रिजवान खान ने रोजा इफ्तार का आयोजन करने के लिए साईं पार्टी के संस्थापक मनपा के पूर्व उप महापौर जीवन इदनानी, पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा इदनानी, सुनील गंगवानी, जनक इदनानी आदि का धन्यवाद पेश किया। रोजा इफ्तार पार्टी में उल्हासनगर की बरकातिया मस्जिद ट्रस्ट के सदर हाजी रिजवान खान,जमात के वरिष्ठ पदाधिकारी जुबेर खान,डॉ.आजाद शेख,अंबरनाथ नपा के पूर्व नगरसेवक बिस्मिल्लाह शेख, उल्हासनगर भाजपा के कोषाध्यक्ष प्रकाश माखीजा, पूर्व नगरसेवक प्रभुनाथ गुप्ता, किशोर बनवारी, समाजसेवी सुनील सिंह उर्फ कलवा भाई के अलावा बड़ी संख्या में मीडियाकर्मियों के साथ सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम भाइयों की उपस्थिति रही।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प का शिक्षा विभाग को बंद करने का ऑर्डर

## व्हाइट हाउस की रिपोर्ट- 8वीं क्लास के 70% स्टूडेंट ठीक से पढ़ नहीं पाते

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को शिक्षा विभाग बंद करने से जुड़े आदेश (एग्जीक्यूटिव ऑर्डर) पर दस्तखत कर दिया। ट्रम्प ने दस्तखत करने के बाद कहा कि अमेरिका लंबे समय से छात्रों को अच्छी शिक्षा नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका किसी भी देश की तुलना में शिक्षा पर सबसे ज्यादा खर्च करता है, लेकिन सफलता की बात आती है तो देश लिस्ट में सबसे निचले स्थान पर है। शिक्षा विभाग सुधार में फेल रहा। अब यह हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। व्हाइट हाउस के आंकड़ों के अनुसार डिपार्टमेंट पिछले 40 साल में भारी खर्च के बावजूद एजुकेशन में सुधार करने में असफल रहा है। 1979 से अमेरिकी शिक्षा विभाग ने 3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 259 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा खर्च किए हैं। इसके बावजूद 13 साल के बच्चों की मैथ और रीडिंग का स्कोर सबसे निचले स्तर पर है। चौथी क्लास के 10 में से 6 और आठवीं



कक्षा के करीब तीन-चौथाई स्टूडेंट ठीक तरह से मैथ्स नहीं कर पाते। चौथी और आठवीं क्लास के 10 में से 7 स्टूडेंट ठीक से पढ़ नहीं पाते, जबकि चौथी क्लास के 40% स्टूडेंट बेसिक रीडिंग का स्तर भी पूरा नहीं कर पाते हैं। साल 2024 में शिक्षा विभाग का बजट 238 बिलियन डॉलर (20.05 लाख करोड़ रुपए) का था। यह देश के कुल बजट का करीब 2% है। विभाग के पास लगभग 4,400 कर्मचारी हैं। यह बाकी सारे विभागों की तुलना में सबसे कम है। ट्रम्प ने कहा कि शिक्षा विभाग कोई बैंक नहीं है। ऐसे काम कोई और जिम्मेदार संस्था करेगी। अब से इस पर शिक्षा विभाग का अधिकार नहीं होगा, बल्कि राज्यों और स्थानीय समुदायों को इसकी जिम्मेदारी मिलेगी। हालांकि, आदेश में कहा गया कि दिव्यांग बच्चों के लिए ग्रांट और फंडिंग जैसे जरूरी प्रोग्राम जारी रहेंगे। ये प्रोग्राम अन्य एजेंसियों को सौंपे जाएंगे। ट्रम्प ने भाषण के दौरान अमेरिकी शिक्षकों की तारीफ की और कहा कि उनका ध्यान रखा जाएगा। ट्रम्प के आदेश पर साइन करने के बाद शिक्षा विभाग ने एक बयान जारी किया और इसे ऐतिहासिक बताया। विभाग ने कहा- हम कानून का पालन करेंगे। संसद और राज्यों के साथ मिलकर नौकरशाही को खत्म करेंगे।

इस फैसले से अमेरिकी छात्रों की आने वाली पीढ़ियां मुक्त होंगी और वे बेहतर शिक्षा हासिल कर पाएंगे। वहीं, अमेरिकन काउंसिल ऑन एजुकेशन के अध्यक्ष टेड मिशेल ने ट्रम्प के इस कदम की निंदा की है। उन्होंने इसे एक राजनीतिक नाटक करार दिया और कहा कि इस फैसले से फंडिंग में कमी आएगी जिससे विभाग में कर्मचारियों की संख्या में कटौती होगी। इससे देश में हायर एजुकेशन को नुकसान पहुंचेगा। ट्रम्प का आरोप है कि अमेरिकी स्कूल बच्चों को रेडिकल और एंटी अमेरिकन बना रहे हैं। ट्रम्प स्कूल से जेंडर डिस्फोरिया को खत्म करना चाहते हैं। जेंडर डिस्फोरिया का मतलब है कि कोई व्यक्ति अपने जेंडर से अपनी पहचान नहीं कर पाता है। जेंडर डिस्फोरिया को इस उदाहरण से समझ सकते हैं कि कोई व्यक्ति जो जन्म के समय महिला के रूप में पहचाना गया, यानी उसका बर्थ जेंडर फीमेल है, लेकिन वह खुद को पुरुष के रूप में महसूस करता है। ऐसे में वह खुद के पुरुष होने का दावा कर सकता है। ट्रम्प इसे ट्रांसजेंडर पागलपन कहते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ट्रम्प के आदेश के बाद शिक्षा विभाग को बंद करना मुश्किल है।

# भारतीय रिसर्चर बदर खान को बड़ी राहत, डिपोर्टेशन पर रोक

## अमेरिकी कोर्ट ने पक्ष में सुनाया फैसला, वकील बोले- फिलिस्तीनी पत्नी के कारण निशाने पर

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका में भारतीय रिसर्चर बदर खान सूरी के डिपोर्टेशन (देश से निकाले जाने) पर अमेरिकी अदालत ने रोक लगा दी है। वर्जीनिया कोर्ट की जज पेट्रीसिया टोलिवर गिल्स ने आदेश दिया कि सूरी को तब तक अमेरिका से नहीं निकाला जाएगा, जब तक अदालत इससे जुड़े आदेश जारी नहीं करती। अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों ने सोमवार रात भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वर्जीनिया से गिरफ्तार किया था। सूरी पर अमेरिका में हमास के समर्थन में प्रोपेगैंडा फैलाने और संगठन से जुड़ी आतंकी से रिश्ता रखने का आरोप है।



सूरी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी का छात्र है। वह सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग में पोस्ट डॉक्टोरल फैलो के रूप में पढाई कर रहा है। वकील बोले- सूरी की पत्नी फिलिस्तीनी, इसलिए निशाना बने बदर खान सूरी के वकील ने उन पर लगे आरोपों को खारिज किया है। वकील ने अदालत में दायर एक याचिका में कहा कि सूरी को निशाना इसलिए बनाया जा रहा है, क्योंकि उनकी पत्नी एक फिलिस्तीनी हैं। उनकी गिरफ्तारी का मकसद फिलिस्तीनी अधिकारों का समर्थन करने वाले लोगों की आवाज को दबाना है। वकील ने अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेज में कहा कि न तो विदेश मंत्री मार्को रुबियो और न ही किसी अन्य सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया है कि सूरी ने कोई अपराध किया है या वास्तव में कोई कानून तोड़ा है। उन्होंने अपने विचार रखे हैं, जो कि पूरी तरह से संवैधानिक हैं। सूरी की पत्नी का नाम मफज सालेह है। सूरी 2011 में लोगों की मदद के लिए गाजा पहुंचे थे, इस दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी। मफज ने नई दिल्ली में जामिया यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मफज के पिता अहमद यूसुफ हमास से जुड़े हुए हैं, जिसे अमेरिका ने एक आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है। मफज ने कहा, मेरे पति की हिरासत ने हमारी जिंदगी को पूरी तरह से बदल दिया है। हमारे तीन बच्चों को अपने पिता की बहुत जरूरत है। वे उन्हें बहुत याद करते हैं। एक मां के तौर पर मुझे अपने बच्चों और खुद की देखभाल के लिए उनके सहारे की सख्त जरूरत है।

# ट्रम्प के खिलाफ आदेश देने वाले जजों को ऑनलाइन धमकी

## दहशत में अमेरिकी जस्टिस; जज विरोधी नेताओं को फंडिंग कर रहे मस्क

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी जजों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की धमकी देते थे। अब ट्रम्प के राष्ट्रपति की कुर्सी संभालने के बाद उनके आदेशों के खिलाफ फैसला सुनाने वाले अमेरिकी जजों को अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। दरअसल, अमेरिका के कई फेडरल जजों को डर है कि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों को चुनौती देने वाले उच्च-स्तरीय मामलों की देखरेख करने वालों के विरुद्ध ऑनलाइन धमकियां वास्तविक दुनिया में हिंसा का कारण बन सकती हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों के खिलाफ सुनवाई करने वाले जजों और इलॉन मस्क के के आदेश के बाद नौकरी से हटाए गए अधिकारियों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले फेडरल जजों के खिलाफ सोशल मीडिया पर धमकियों की बाढ़ आ गई है। हाल ही में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक संघीय जज के खिलाफ महाभियोग की मांग की,



जिसने उनके प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर जज के खिलाफ धमकियों तेज हो गईं। इनमें जज को हथकड़ी लगाकर ले जाते हुए दिखाए गए चित्र भी शामिल थे। मस्क ने उन रिपब्लिकन सासंदों को ज्यादा दान दिया है, जो राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ फैसले देने वाले फेडरल जजों पर महाभियोग चलाने का समर्थन करते हैं। मस्क ने 7 रिपब्लिकन अभियानों को 5.41 लाख रुपए का कानूनी अधिकतम दान दिया। इनमें एरिजोना के एली क्रेन, कोलोराडो की लॉरेन बोएबर्ट, टेनेसी के एंडी ओगल्स, जॉर्जिया के एंड्रयू क्लाइड, विस्कॉन्सिन के डेरिक वैन ऑर्डेन और टेक्सास के ब्रेंडन गिल शामिल हैं। मस्क ने आयोवा के सीनेटर चार्ल्स ई. ग्रासली को भी दान दिया। मस्क ने जजों पर महाभियोग का समर्थन किया है जजों के खिलाफ धमकियां कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी संख्या बढ़ी है। बम की धमकी, घर के पते पर पुलिस की स्वाट टीमों को भेजने के लिए गुमनाम कॉल, पिज्जा की डिलीवरी के जरिए जजों को धमकियां मिल रही है। ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ केस की सुनवाई कर रहे एक जज ने कहा कि धमकाने वाले जानते हैं कि आप और आपके परिवार के सदस्य कहां रहते हैं। इससे हिंसा की आशंका बढ़ रही हैं।

# भारत से ज्यादा खुश पाकिस्तान और नेपाल

## वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश, अफगानिस्तान सबसे नीचे

एजेंसी

नई दिल्ली, दुनिया में सबसे खुशहाल देश फिनलैंड है। इस मामले में फिनलैंड ने लगातार आठवें साल नंबर-1 रैंकिंग बरकरार रखी है। वेलबीइंग रिसर्च सेंटर, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने 20 मार्च यानी वर्ल्ड हैप्पीनेस डे पर वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स 2025 जारी किया। सबसे खुशहाल देश के रूप में फिनलैंड 7.7 पाइंट के साथ पहले पायदान पर है। फिनलैंड के अलावा, डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन टॉप चार में बने हुए हैं। ये



सभी नॉर्डिक देश भी कहे जाते हैं। 147 देशों की इस लिस्ट में भारत 4.3 पाइंट के साथ इस बार 118वें स्थान पर रहा है। पिछली बार भारत लिस्ट में 126वें स्थान पर रहा था। इस मामले में भारत, पाकिस्तान और नेपाल से भी पीछे है। हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत पिछले साल के मुकाबले आठ पायदान ऊपर आया है। हालांकि, पाकिस्तान भारत से ऊपर है। 2025 की हैप्पीनेस लिस्ट में पाकिस्तान को 109वां स्थान मिला है। वहीं नेपाल भी भारत से ऊपर रहा, उसे 92वां स्थान मिला है। जबकि श्रीलंका (133) और बांग्लादेश (134) भारत से पीछे हैं। इन देशों की रैंकिंग उन जवाबों पर आधारित थी जो लोगों ने अपने जीवन को रेट करने के लिए पूछे जाने पर दिया। यह स्टडी एनालिटिक्स फर्म गैलप और वठ सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क ने किया। इस लिस्ट में यूक्रेन, मोजाम्बिक, ईरान, इराक, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, कांगो, युगांडा, गाम्बिया और वेनेजुएला जैसे देशों की रैंकिंग युद्ध, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दे से घिरे होने के बाद भी भारत से अच्छी है। भारत हालिया वर्षों में 2022 ही में टॉप-100 में जगह बनाने में कामयाब हुआ था। हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत का स्थान कम होने के कई कारण हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कथित सामूहिक बलात्कार के एक मामले से निपटने के तरीके को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को फटकार लगाई।

# जातीय जनगणना का विरोध राष्ट्रविरोध, अभी अधूरा है बाबासाहेब का सपना

## प्रोफेसर थोराट से चर्चा में बोले राहुल गांधी




एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह दावा करके नया विवाद खड़ा कर दिया है कि भारत की शिक्षा प्रणाली निचली जातियों के साथ अन्यायपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की असमानता के बारे में सच्चाई सामने लाने के लिए जाति जनगणना महत्वपूर्ण है और कहा कि वे सभी के बीच संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के बीआर अंबेडकर के सपने को पूरा करने के लिए लड़ेंगे। भाजपा ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भारत की योग्यता प्रणाली के बारे में कांग्रेस नेता का रोना पार्टी की वंशवादी मानसिकता को दशार्ता है। भारत की शिक्षा प्रणाली में निचली जातियों के पक्ष में न होने के राहुल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा, ?योग्यता पर राहुल गांधी का चौंकाने वाला बयान कांग्रेस की भाई-भतीजावादी और सामंती मानसिकता को स्पष्ट रूप से उजागर करता है। वंशवादी कांग्रेस ने हमेशा एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से संबंधित मेधावी नेताओं को अपमानित किया है, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में प्रगति की है। यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष और शिक्षाविद सुखदेव थोराट के साथ बातचीत में राहुल ने कहा योग्यता की एक पूरी तरह से दोषपूर्ण अवधारणा है, जहां मैं अपनी सामाजिक स्थिति को अपनी क्षमता के साथ भ्रमित करता हूं। अगर कोई यह कहता है कि हमारी शिक्षा प्रणाली या हमारी नौकरशाही प्रवेश प्रणाली दलितों, ओबीसी (अन्य पिछड़ी जातियों) और आदिवासियों के लिए निष्पक्ष है। भाजपा प्रवक्ता ने आगे आरोप लगाया कि पार्टी में दलित विरोधी मानसिकता है, जो योग्यता को कुचलने की कोशिश कर रही है। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए राहुल ने यह भी चेतावनी दी कि जाति जनगणना के विचार के विरोधी हैं जो भारत में असमानता की वास्तविकता को सामने लाते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि जाति जनगणना इस असमानता की सच्चाई को सामने लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जबकि इसके विरोधी इस सच्चाई को सामने नहीं आने देना चाहते हैं।

**भारत की शिक्षा प्रणाली में निचली जातियों के पक्ष में न होने के राहुल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा, योग्यता पर राहुल गांधी का चौंकाने वाला बयान कांग्रेस की भाई-भतीजावादी और सामंती मानसिकता को स्पष्ट रूप से उजागर करता है।**

# मध्य रेल पर दिनांक 23.03.2025 (रविवार) को मेगा ब्लॉक




एजेंसी

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 23.03.2025 (रविवार) को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण इस प्रकार है :

माटुंगा-मुलुंड अप और डाउन फास्ट लाइन सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक

सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.58 बजे से दोपहर 3.10 बजे तक छूटने वाली डाउन फास्ट लाइन सेवाओं को माटुंगा स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच अपने संबंधित ठहराव के अनुसार रुकेंगी और अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से पहुंचेंगी।

ठाणे से आगे फास्ट ट्रेनें मुलुंड स्टेशन पर डाउन फास्ट लाइन पर फिर से डायवर्ट की जाएंगी

ठाणे से सुबह 11.25 बजे से दोपहर 3.27 बजे तक छूटने वाली अप फास्ट लाइन की सेवाएं मुलुंड स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच अपने संबंधित ठहराव के अनुसार रुकेंगी और माटुंगा स्टेशन पर अप फास्ट लाइन पर फिर से डायवर्ट की जाएंगी एवं अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से पहुंचेंगी

कुर्ला और वाशी के बीच अप और डाउन हार्बर लाइनें सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक

सीएसएमटी से सुबह 10.34 बजे से दोपहर 3.36 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं और पनवेल/बेलापुर/वाशी से सुबह 10.16 बजे से दोपहर 3.47 बजे तक सीएसएमटी के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी ।हालांकि, ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी-कुर्ला और कुर्ला-पनवेल/वाशी के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी ।हार्बर लाइन के यात्रियों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों से यात्रा करने की अनुमति है ।ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

### कर्नाटक विधानसभा से छह महीने के लिए निलंबित हुए 18 भाजपा विधायक

एजेंसी

कर्नाटक विधानसभा ने विधानसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 18 भाजपा विधायकों को छह महीने के लिए निलंबित करने संबंधी विधेयक पारित कर दिया। विधेयक को कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने पेश किया। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने शुक्रवार को 'हनी-ट्रैप' मामलों के मुद्दे पर हंगामा करने और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 18 विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया। विपक्षी भाजपा और जद (एस) ने एक मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित 'हनी-ट्रैप' प्रयास की न्यायिक जांच एक मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराने की मांग की।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग

अभिरुचि की अभिव्यक्ति विज्ञापन

**विषय: के / पश्चिम विभाग के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत ओशिवरा प्रसुतिगृह मे ड श्रेणी के 17 रिक्त पद अनुबंध के आधार पर पंजीकृत स्वयंसेवी संस्था के जरिए भरने के बारे मे.**

के / पश्चिम विभाग के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत ओशिवरा प्रसुतिगृह मे ड श्रेणी के 17 रिक्त पद अनुबंध के आधार पर 2 (दो) पंजीकृत स्वयंसेवी संस्था के जरिए (बचत गट छोडकर ) भरने की इच्छुक संस्था, भविष्य निर्वाह निधी, राज्य एवं कर्मचारी बीमा योजना मे पंजीकृत कामगार सहकारी संस्था, सेवा सहकारी संस्था, बेरोजगार सहकारी सेवा संस्था, गैर सरकारी संस्था, (इन सभी संस्थाओंके स्थापना का उद्देश्य उनके सदस्योको रोजगार उपलब्ध कराना हो) इत्यादि. संस्थाओ से उनकी पात्रता सुची तयार करके लॉटरी द्वारा चुनाव कर काम करने के लिए निम्नलिखीत कालावधी मे आवेदन मांगते है. उपरोक्त अनुबंध किसी 2 (दो) यशस्वी पात्र संस्था को लॉटरी द्वारा आवंटीत किया जाएगा.

आवेदन करने का नमुना के / पश्चिम विभाग के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत ओशिवरा प्रसुतिगृह कार्यालय मे दि.22.03.2025 से दि. 25.03.2025 तक सुबह 10.30 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है.

आवेदन करने के लिए अंतिम तिथी व समय दि. 25.03.2025 दोपहर 4.00 बजे तक.

निश्चित कार्यालयीन कालावधी के बाद प्राप्त आवेदनपर विचार नही किया जाएगा.

**कार्यालयका पता :
ओशिवरा प्रसुतीगृह
स्थित गोरेगाव (टोपीवाला) प्रसुतिगृह,
लॉर्डस कॉलेज के सामने, स्टेशन रोड,
गोरेगाव (प), मुंबई – 400104**

पीआरओ / 2886 / विज्ञा0 / 2024–25

**पश्चिम रेलवे – अहमदाबाद मण्डल**

विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

ई-निविदा सूचना संख्या 35 वर्ष 2024-2025 दिनांक 20.03.2025

| क्र.सं. | ई-निविदा सं. एवं कार्य का नाम | अनुमानित एनआईटी लागत | ईएमडी लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | DRM-ADI-232-2024-25 | 4,37,90,301.06 | 3,69,000.00 |
| | एडीईएन-गांधीधाम के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्टाफ कॉलोनियों के लिए कवर्ड ड्रेनेज, जल पाइप नेटवर्क, ओवरहेड टैंक, सड़क और भूमिगत जल निकासी प्रणाली का प्रावधान। | | |
| 2 | DRM-ADI-233-2024-25 | 4,67,04,482.45 | 3,83,500.00 |
| | एडीईएन-गांधीधाम के अंतर्गत अतिक्रमण की दृष्टि से संवेदनशील शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण को रोकने के लिए आदिपुर, अंजार, रुतनाल, कुक्मा और न्यू भुज यार्ड में 3475 मीटर आरसीसी चारदीवारी का निर्माण। | | |
| 3 | DRM-ADI-234-2024-25 | 4,66,59,141.19 | 3,83,300.00 |
| | गांधीधाम- न्यू भुज- देशलपुर खंड- एडीईएन-गांधीधाम के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एलएचएस के सम्प और नाली प्रदान करके पहुंच मार्ग, दीवारों, बक्सों और जल निकासी व्यवस्था में सुधार। | | |
| 4 | DRM-ADI-235-2024-25 | 3,01,15,044.70 | 3,00,600.00 |
| | सीएलडीवाई (बी) के संबंध में ट्रैक कार्य: प्राथमिकता को सक्षम करने के लिए लाइन संख्या 05 के निकट एक लूप लाइन (सीएसआर 720 एम) का प्रावधान, केएचडी और एबीडी के बीच ट्रेनों की क्रॉसिंग (15.01.16.24.3.50.008) और साबरमती डी केबिन आईसीडी (डी केबिन) के शंटिंग नेक को बीटीडी मेन लाइन से जोड़ना और कोचिंग टर्मिनल का विद्युतीकरण (15.01.16.24.3.50.006)। | | |
| 5 | DRM-ADI-236-2024-25 | 1,19,10,843.40 | 2,09,600.00 |
| | एफआरएम द्वारा उथली स्क्रीनिंग और सीनियर डीईएन (एस) एडीआई के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक के अन्य सहायक कार्य। (15.01.31.24.04.50.012) और (15.01.31.24.04.50.011) | | |
| 6 | DRM-ADI-237-2024-25 | 2,33,54,906.16 | 2,66,800.00 |
| | अहमदाबाद- हिम्मतनगर:- ADEN(NW)ADI के तहत LHS पर नाबदान और नाली और सड़क की सतह प्रदान करके जल निकासी व्यवस्था में सुधार (15.01.30.24.4.50.005) | | |
| 7 | DRM-ADI-238-2024-25 | 2,34,64,035.89 | 2,67,300.00 |
| | खोडियार-मेहसाणा और कलोल-गांधीनगर:- एडीईएन (एमजी)एसबीआई के तहत एलएचएस पर नाबदान और नाली और सड़क की सतह प्रदान करके जल निकासी व्यवस्था में सुधार (15.01.30.24.4.50.008) | | |
| 8 | DRM-ADI-239-2024-25 | 53,13,110.50 | 1,06,300.00 |
| | एलसी नंबर 5 (जीईबी) जमा कार्य के संबंध में सिविल कार्य | | |
| 9 | DRM-ADI-240-2024-25 | 27,44,146.68 | 54,900.00 |
| | एलसी संख्या 5 (जीईबी) डिपोजिट कार्य के चौड़ीकरण के संबंध में एलसी संख्या -5 की रबरयुक्त सतह। | | |
| 10 | DRM-ADI-241-2024-25 | 81,97,451.72 | 1,64,000.00 |
| | साबरमती, चांदलोडिया और वटवा यार्ड में सुधार। | | |
| 11 | DRM-ADI-242-2024-25 | 1,01,57,472.02 | 2,00,800.00 |
| | सीनियर डीईएन (एस) एडीआई के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पॉइंट्स और क्रॉसिंग स्लीपर का आकस्मिक नवीनीकरण (15.01.31.24.4.50.003) और रेल का आकस्मिक नवीनीकरण (15.01.31.24.4.50.002) | | |
| 12 | DRM-ADI-243-2024-25 | 3,24,67,990.66 | 3,12,300.00 |
| | अहमदाबाद-चांदलोडिया (साबरमती एसबीटी) टीआरआर(पी)60 किलोग्राम, टीटीआर(पी) 60 किलोग्राम, आईएसडी सीनियर डीईएन(एस)एडीआई के अधिकार क्षेत्र के तहत यार्ड के सुधार के लिए।(15.01.31.24.3.50.018) | | |
| 13 | DRM-ADI-244-2024-25 | 4,21,98,437.61 | 3,61,000.00 |
| | ध्रांगध्रा यार्ड:- 52 किग्रा रेल खंड को 60 किग्रा रेल खंड में परिवर्तित करके यार्ड सुधार और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) - अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में अन्य सहायक ट्रैक कार्य। | | |
| 14 | DRM-ADI-245-2024-25 | 5,14,99,758.87 | 4,07,500.00 |
| | वीरमगाम यार्ड:- 52 केजी रेल खंड को 60 केजी रेल खंड में परिवर्तित करके यार्ड में सुधार और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) - अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अन्य सहायक ट्रैक कार्य। | | |
| 15 | DRM-ADI-246-2024-25 | 46,60,315.56 | 93,200.00 |
| | वडनगर स्टेशन पर ट्रेनों में पानी की व्यवस्था के लिए अस्थायी सुविधा की स्थापना और अन्य संबंधित कार्य। | | |

**ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 15/04/2025 समय 15:00 बजे **कार्यालय का पता :** सीनियर डिविज़नल इंजीनियर (समन्वय) अहमदाबाद, डीआरएम कार्यालय, चामुंडा ब्रिज के पास, नई स्वदेशी मिल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद - 382345 **ई-निविदा में भाग लेने के लिए वेबसाइट :** www.ireps.gov.in

349

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

## संक्षेप

### मामूली कहासुनी पर युवक को सड़क पर पीटा

#### अमरोहा में दबंगों का कहर, जूते-चप्पलों से मारा

अमरोहा, उत्तर प्रदेश के अमरोहा में दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव बीलना में कुछ दबंगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उसे सड़क पर गिराकर जूते-चप्पलों से मारा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि पिटाई के दौरान कोई भी व्यक्ति बीच-बचाव करने नहीं आया। पीड़ित युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। नौगावां सादात थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मामले में शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को कैंटर के सामने धक्का देकर मार डाला

#### चाय की दुकान से बुलाकर मारपीट, घसीटते हुए हाईवे तक लेकर गए

अमरोहा, गजरौला में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। सैनिक कॉलोनी निवासी कुलदीप सिंह के बेटे अक्षित विश्नोई की हत्या कर दी गई। पुलिस ने चार नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मायापुरी मोहल्ला निवासी धर्मेंद्र कारीगर ने अक्षित को फोन किया। उसने सोनू कश्यप टेंट हाउस के बारे में बात करते हुए नाईपुरा में हाईवे पर मिलने बुलाया। अक्षित दो दोस्तों के साथ नाईपुरा की एक चाय की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक पी रहा था। पीटते हुए हाईवे तक ले गए इसी दौरान धर्मेंद्र कारीगर, सोनू कश्यप और उमंग होटल के मालिक गजेंद्र के भेजे हुए लोग वहां पहुंचे। रिंकू और उसके दो साथी स्कूटी पर आए। उन्होंने अक्षित के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपी अक्षित को पीटते हुए हाईवे पर ले गए। वहां उन्होंने उसे कैंटर के आगे धक्का दे दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश कैंटर की चपेट में आने से अक्षित की मौत हो गई। वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। सीओ श्वेताभ भास्कर के अनुसार मृतक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

### रेलवे रोड पर नर्सिंग होम का विरोध

#### हाउसिंग सोसाइटी के लोगों ने किया प्रदर्शन, पार्किंग और प्रदूषण को लेकर जताई आपत्ति

हापुड़, रेलवे रोड स्थित राजेंद्र नगर में एक निमार्णाधीन नर्सिंग होम और हेल्थ सेंटर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एआरसी हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों ने प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य रोक दिया। सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक सोढ़ी, मंत्री सचिन जिंदल और कोषाध्यक्ष भुवन जैन ने कई गंभीर मुद्दे उठाए हैं। उनका कहना है कि हेल्थ सेंटर के मरीजों और स्टाफ की गाड़ियां पूरे रास्ते को जाम कर देती हैं। इससे आवागमन प्रभावित होता है।

# हाईवे पर बहा हजारों लीटर डीजल, फिसली गाड़ियां

**प्रयागराज-रीवा हाईवे पर हादसा, दो घंटे तक मची अफरातफरी, दमकल ने की पानी की बौछार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, प्रयागराज-रीवा हाईवे पर जमकर हंगामा मचा। डीजल से भरा एक टैंकर तेज रफ्तार की वजह से पलट गया।

ऐसे में हजारों लीटर डीजल सड़क पर बह गया। फिर क्या था सड़क पर ऐसी फिसलन हुई कि जितने भी वाहन गुजरे उन्हें अचानक से ब्रेक लगानी पड़ी।

बाइक, स्कूटी तो फिसल फिसल कर गिरने लगी। कई राहगीर जख्मी हो गए। हाईवे पर अफरातफरी मच गई। इसी बीच सड़क किनारे गांवों के रहने वाले कई लोगों ने डीजल डिब्बों में भी उठाने की कोशिश की। कई घंटे तक यह चलता रहा।

घटना रीवा हाईवे महेवा गेट के पास की है। दोपहर में टैंकर अचानक पलट गया। इसके बाद तो हजारों लीटर डीजल सड़क पर फैल गया। भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

पुलिस ने आने जाने वाले लोगों को रोकना शुरू कर दिया। इसके बाद फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और पानी की बौछार से सड़क पर फैले डीजल को बहाना शुरू किया। हादसे में कई लोग जख्मी हुए जिन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया।

# पिता की हत्या के बाद थाने पहुंचा बेटा

**लोहे की रॉड से वार कर ली जान, पैसे को लेकर हुआ था विवाद; आरोपी नशे का आदी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। 16 साल के नाबालिग युवक ने अपने 60 साल के पिता की हत्या कर दी। ये घटना है। आरोपी बेटे ने अपने पिता पर लोहे की रॉड से कई वार किए और जब पिता की मौत हो गई तो ये खुद ही थाने पहुंच गया। और अपना जुर्म कबूल कर लिया। घटना के दौरान आरोपी नशे में बताया जा रहा था। आरोपी खुद पहुंच गया थाने प्रयागराज के यमुनानगर स्थित कौंधियारा थाना क्षेत्र के सेहरा गांव में गुरुवार की रात बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी और खुद ही थाने अपना जुर्म कबूलने पहुंच गया। पुलिस को पहले तो लगा ये कोई पागल है लेकिन जब आरोपी ने बाहर जाकर ये बात कुछ लोगों को बताई तो वो इसे पकड़कर थाने लाए। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। बेटे के हाथ अपनी जान गंवाने वाले पिता का नाम भारत लाल पटेल बताया जा रहा है। पिता-बेटे में अक्सर होता था विवाद मृतक के परिवार में एक बेटा और चार बेटियां हैं। चारों बेटियों की शादी हो चुकी है। दो बेटियां दिल्ली में नौकरी करती हैं और दो अपने ससुराल में रहती हैं। पुलिस ने दिल्ली में रह रही बेटियों को घटना की सूचना दे दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिता-पुत्र होली पर दिल्ली गए थे। वापस लौटने के बाद से दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है पिता ने जमीन का कुछ हिस्सा बेचकर रुपये चारों बहनों में बांट दिए थे। नाबालिग बेटा घूमने जाने के लिए रुपये मांग रहा था। पिता ने इंकार कर दिया तो दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। दोनों के बीच इसी पैसे को लेकर कई दिनों से झगड़ा चल रहा था। इसी खुन्नस में नाबालिग बेटे ने पिता की हत्या कर दी।

# आरटीआई जवाब नहीं मिलने से अमेठी में आक्रोश

- ग्रामीणों ने तहसील तक निकाली रैली; एसडीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, सूचना के अधिकार ( आरटीआई ) के तहत मांगी गई जानकारी नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यालय से तहसील परिसर तक रैली निकाली गई। सूचना का अधिकार टास्क फोर्स के लोकसभा प्रभारी विजय कुमार सिंह ने रैली का नेतृत्व किया।



प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। विजय कुमार ने बताया कि सैकड़ों आरटीआई आवेदन दायर किए गए हैं। प्रशासन से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। कांग्रेस किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी ने प्रशासन पर मामलों को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जल्द सूचनाएं नहीं मिलीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिन पहले भी धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन में जय बहादुर यादव, रूबी, बाबूलाल सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। एसडीएम आशीष सिंह ने ज्ञापन लेकर सभी विभागों को लंबित आरटीआई आवेदनों के शीघ्र निपटारे के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# महिला के घर से दिनदहाड़े चोरी

**चोरों ने 3 लाख के गहने और नगदी चुराया, खेत पर गई थी पीड़िता**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, संग्रामपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने दिन के समय एक महिला के घर को निशाना बनाया। कुटिवा पतापुर की रहने वाली शिवकुमारी सुबह साढ़े नौ बजे घर में ताला लगाकर सरसों काटने खेत गई थीं। दो घंटे बाद वह वापस लौटीं। उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर पता चला कि दो कमरों की अलमारियां भी टूटी हुई थीं। चोर करीब तीन लाख रुपए के सोने के गहने ले गए। चोरी हुए गहनों में सोने का हार और पायल शामिल थे। इसके अलावा आठ हजार रुपए नकद और गुल्लक में रखे चार हजार रुपए भी चोर ले गए। पीड़िता ने तत्काल 112 पीआरबी को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। उन्होंने संग्रामपुर थाने को भी सूचित किया। उपनिरीक्षक राम प्रकाश यादव ने मौका मुआयना किया। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। संग्रामपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। चोर अब रात के बजाय दिन में भी वारदात कर रहे हैं। इस घटना से गांव में लोग भयभीत हैं।

# अयोध्या-सुलतानपुर मार्ग पर कार ने बाइक को मारी टक्कर

- मोटरसाइकिल सवार की मौत, कार चालक फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अयोध्या-सुलतानपुर मार्ग स्थित पूर्वांचल टी-स्टॉल के सामने एक स्विफ्ट डिजायर कार ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार अश्वनी पांडेय (55 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। वे रहाईकपुर, थाना कूरेभार, सुलतानपुर के रहने वाले थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कार चालक मौके पर मौजूद भीड़ का फायदा उठाकर अपनी स्विफ्ट डिजायर लेकर फरार हो गया। घायल अश्वनी पांडेय को एंबुलेंस से परिजनों के साथ जिला अस्पताल सुलतानपुर ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। एसओ कूरेभार शारदेंदु दुबे ने बताया कि शव का पंचनामा भर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था सामान्य है। पुलिस फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

# ग्रामीणों की सालों पुरानी मांग पूरी

**गांव में सीसी सड़क का निर्माण शुरू, बरसात में आवागमन होगा आसान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, तिलोई तहसील के ग्रामसभा कुटमरा में पूरे दीवान के सीसी मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। विधि-विधान से पूजन के साथ इस कार्य का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि राज कुमार तिवारी और ग्राम प्रधान राजेश पांडेय समेत कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। यह सड़क वार्ड संख्या 15 के लिए बनाई जा रही है। ग्राम प्रधान राजेश पांडेय ने बताया कि इस मार्ग के बन जाने से ग्रामीणों को बरसात और अन्य मौसम में आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। जिला पंचायत प्रतिनिधि राज कुमार तिवारी ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। विकास कार्य तेजी से हों पूरे तिवारी ने गांव की अन्य बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने इस निर्माण कार्य पर खुशी जताई है। उनका कहना है कि यह मार्ग उनके आर्थिक और सामाजिक विकास में मददगार साबित होगा। ग्रामीणों में दिखाई दिया उत्साह ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क की मांग कर रहे थे।

निर्माण कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। उन्होंने इस पहल के लिए ग्राम प्रधान और जिला पंचायत प्रतिनिधि का धन्यवाद किया। इस सड़क से गांव में यातायात सुगम होगा और समग्र विकास को गति मिलेगी।

# पति से पीड़ित लॉ छात्रा ने की आत्महत्या

**युवती ने दो साल पहले की थी कोर्ट मैरिज, शादी के बाद मांगता था 5 लाख रुपए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, देहलीगेट थाना क्षेत्र के गोविंद नगर में एक लॉ छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। वह काफी समय से अपने मायके में रह रही थी। पति लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। मरने से पहले भी उसकी अपने पति से वीडियो कॉल से बात हुई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष ने छात्रा के पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा के पिता अर्जुन सिंह ने बताया कि उनकी बेटी सलोनी (25) एलएलबी की छात्रा थी। दो साल पहले उसने एक लड़के से कोर्ट मैरिज कर ली थी। कोर्ट मैरिज करने की बात उसने अपने घर में नहीं बताई और डेढ़ साल तक मायके में ही रहती रही। पिछले साल 8 अगस्त को वह अपना मायके से अपने पति के पास रहने के लिए गई थी। जब सलोनी घर छोड़कर गई, तब हमें उसकी शादी की बात पता चली। इसके बाद लगभग 4 महीने तक सलोनी अपने पति के साथ उसके घर पर ही रही फिर मायके वापस आ गई थी। पिछले दो महीने से वह मायके में ही रह रही थी। पिता ने बताया कि अंजलि का पति कोई कामकाज नहीं करता था। जब अंजलि उसके पास रहने के लिए गई तो, उसने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। वह 5 लाख रुपए की मांग कर रहा था और आए दिन मारपीट भी करता था। यही कारण था कि अंजलि मायके वापस आ गई थी। अंजलि आरोपी से बात कर रही थी। पिता ने बताया कि वीडियो कॉल में बात करने के दौरान दोनो के बीच में फिर से इन्हीं बातों को लेकर बहस हो गई थी। जिससे नाराज होकर अंजलि ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां 24 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। देहलीगेट थाना प्रभारी ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने के कारण छात्रा की मौत हुई है। मौत के सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिवार की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मथुरा के राधाकुंड में डूबे युवक का शव मिला

**मध्य प्रदेश से गिरिराज परिक्रमा करने आए युवक की स्नान के दौरान मौत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, राधाकुंड में एक दुखद घटना सामने आई है। मध्य प्रदेश से गिरिराज परिक्रमा के लिए आए युवक राज साहू की स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई। पटना को देख कुंड पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई वहीं परिक्रमा लगा रहे लोग एवं स्थानीय लोग देखने के लिए पहुंचने लगे। बताया गया कि राधाकुंड में स्नान करते समय युवक का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। देर शाम तक गोताखोरों ने नाव से लोहे के कांटे और रस्सी की मदद से युवक की तलाश की। रात होने के कारण खोज अभियान रोकना पड़ा। सुबह होते ही फिर से गोताखोर युवक के सब को तलाशने के लिए सक्रिय हो गए और उनके द्वारा नव के माध्यम से राधा कुंड में कांटे डाले गए बताया गया कि काफी देर बाद युवक का पानी में दिखाई दिया जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। गोताखोर भागीरथ कश्यप ने युवक के शव को कुंड से बाहर निकाला। घटना के समय युवक के परिजन राधाकुंड पर मौजूद थे। राधा कुंड चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक के पिता के अनुरोध पर शव का पंचनामा भरकर उन्हें सौंप दिया गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# किसानों की गिरफ्तारी पर भड़का आक्रोश

**बांदा में भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, एमएसपी गारंटी कानून की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बांदा, भारतीय किसान यूनियन ने बांदा में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। किसान संगठन ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन का जिक्र किया। संगठन ने बताया कि किसान मोर्चा और अन्य संगठन हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर शम्भू और खनौरी में पिछले 13 महीनों से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। केंद्र सरकार से वार्ता चल रही थी। 19 मार्च 2024 को वार्ता समाप्त होने के बाद जब किसान नेता अपने मोर्चे पर लौट रहे थे, तब पंजाब सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। प्रशासन ने दोनों मोर्चों को बलपूर्वक हटा दिया। वहां मौजूद बुजुर्ग किसानों और महिलाओं को भी हिरासत में ले लिया गया। इस कार्रवाई से देशभर के किसानों में रोष है।

# नशीली दवाओं से होने वाले नुकसान पर चर्चा

**युवाओं को किया जागरूक, विशेषज्ञों ने बताए बचाव के उपाय**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, श्रीमती शिवदुलारी सिंह महिला महाविद्यालय में नशीली दवाओं की रोकथाम पर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। बिंदेश्वरी ग्रामोंथान संस्थान की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को आगाह किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन पी.एन. मिश्र ने बताया कि नशीली दवाएं दिमाग और शरीर को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे हेपेटाइटिस, दौरे और स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं। शासकीय अधिवक्ता रंगनाथ मिश्र ने कहा कि नशे से पेट दर्द, मतली और लीवर की बीमारियां हो सकती हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम सिंह ने महिलाओं पर नशे के ज्यादा गंभीर प्रभाव की बात कही। संस्था अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे ने बताया कि नशे से एचआईवी/एड्स का खतरा बढ़ता है।

कोकेन जैसी दवाएं मनोविकृति और सिजोफ्रेनिया जैसी बीमारियां पैदा कर सकती हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने चित्रों और प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव दिखाए। शिक्षकों ने नशामुक्त समाज बनाने पर जोर दिया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान, नई दिल्ली और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित था। रीता तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। विद्यालय प्रबंधक अशोक सिंह और हिंदी शिक्षक उमाकांत शुक्ल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।